# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 14 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-046 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# मकान में मिली एक ही परिवार के चार लोगों की लाश

## घटना बागबाहरा की,पुलिस कर रही जांच



**महासमुंद,14 मई।** महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद में आज एक ही परिवार के 4 लोगों के एक साथ शव मिले हैं. मृतकों में पति-पत्नी और उनके 2 मासूम बच्चे भी शामिल हैं. बागबाहरा के शासकीय हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एच-2 बिल्डिंग के अपने मकान नं. 05 में रहने वाले बसंत पटेल (42 वर्ष) का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी भारती पटेल (38 वर्ष), बेटी सेजल पटेल (11 वर्ष) और बेटे कियांश पटेल (04 वर्ष) के शव फर्श पर पड़े मिले हैं. सूचना मिलने पर एसपी समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक, बसंत पटेल आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय बागबाहरा मे प्यून ( भृत्य ) के पद पर कार्यरत था. आज जब उनकी लाश मिली तो घर अंदर से बंद था. आशंका है कि बसंत पटेल ने अपने परिवार को जहर देकर खुद फांसी लगाकर जान दे दी. फिलहाल घटना का कारण अज्ञात है. इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.फिलहाल बागबाहरा पुलिस ने मर्ग कायम कर चारों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में है. इसके साथ ही सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुट गई है.



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले तीनों सेना प्रमुख

**नई दिल्ली,14 मई।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया था। राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। राष्ट्रपति भवन ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके आगे लिखा गया कि राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक शानदार सफलता बना दिया। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों पर 'केंद्रित, मापा हुआ और गैर-बढ़ावा देने वाला' हमला किया, जिसमें 100 से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान के सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया, जबकि मुज़फ़्फ़राबाद, कोटली और भीमबर में छिपे ठिकानों पर भी हमला किया गया। यह ऑपरेशन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था। इस हमले का कोड नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की और भारतीय सैन्य और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए 11 पाकिस्तानी एयरबेसों पर सटीक हमले किए, इससे पहले कि दोनों देशों के बीच गोलीबारी रोकने और सभी सैन्य कार्रवाई पर सहमति बन जाती। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक नया मानक स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को नागरिकों पर इस तरह के आतंकी हमलों का एक नया सामान्य जवाब बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को फिर से परिभाषित किया है... आतंकवाद विरोधी उपायों में एक नया मानक और एक नया सामान्य स्थापित किया है।" उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तीन सिद्धांतों का भी उल्लेख किया।

## संक्षेप

### पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम साहू को किया रिहा

**नई दिल्ली,14 मई।** भारत के सख्त तेवरों के बाद पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा है। बीएसएफ के जवान पूर्णम साहू ने गलती से सीमा पार कर जाने पर पाकिस्तान ने उसे पकड़ लिया था, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई और दबाव के चलते पाकिस्तान ने जवान को आज सुरक्षित लौटा दिया है। इसके बदले भारत ने भी एक पाकिस्तानी रेंजर को रिहा किया है। पाकिस्तान ने 20 दिन बाद बीएसएफ जवान पूर्णम साहू को रिहा कर दिया है। 23 अप्रैल को गलती से सीमापार पाकिस्तान चले गए थे। पूर्णम पाकिस्तानी रेंजर्स की हिरासत में थे। डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद बुधवार को अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौटे आए हैं, बीएसएफ ने वापसी की पुष्टि की है। अब मेडिकल जांच और पूछताछ के बाद जवान को उसके घर भेजा जाएगा।

### कार और बाइक में टक्कर, एक की मौत

**कोरबा,14 मई।** छत्तीसगढ़ में रोजाना सड़क हादसों में लोग जान गंवा रहे हैं. कड़े नियमों के बाद भी रफ्तार का कहर नहीं थम रहा है. बुधवार को कोरबा में तेज रफ्तार कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई. बाइक पर पति-पत्नी सवार होकर जा रहे थे. हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हुई है. भिड़ंत के बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई. जानकारी के मुताबिक, घटना कटघोरा थाना के लखनपुर गांव की है. बुधवार सुबह दंपति विजयपुर गांव से बाइक पर सवार होकर जा रहे थे. इसी दौरान डस्टर कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई. बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में जा गिरी. सड़क खून से सन गई. दर्दनाक हादसे में महिला के आंखों के सामने ही पति ने दम तोड़ दिया.

### यूपीएससी के नए चेयरमैन बने पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार

**नई दिल्ली,14 मई।** पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह जानकारी केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में दी गई है. यूपीएससी अध्यक्ष का पद 29 अप्रैल को प्रीति सूदन के कार्यकाल समाप्त होने के बाद से खाली था. मंत्रालय के आदेश के अनुसार, अजय कुमार की नियुक्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकृति दी है. अजय कुमार, जो 1985 बैच के केरल कैडर के रिटायर्ड भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं, ने 23 अगस्त 2019 से 31 अक्टूबर 2022 तक रक्षा सचिव के रूप में कार्य किया. अजय कुमार, पूर्व आईएएस अधिकारी, रक्षा मंत्रालय में सबसे लंबे समय तक सचिव के पद पर कार्यरत रहे हैं. इसके अतिरिक्त, उन्होंने रक्षा उत्पादन विभाग में भी सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं. उनके करियर में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल हैं. विशेष रूप से, वह 2014 में डिजिटल इंडिया पहल को लागू करने वाली टीम का हिस्सा भी रहे हैं.

### बिलासपुर हाईकोर्ट जज को धमकी भरा पत्र

**बिलासपुर,14 मई।** बिलासपुर हाईकोर्ट के जज और मुंबई स्थित सफेमा कोर्ट के अधिकारी को धमकी भरा पत्र मिलने का मामला सामने आया है। एनडीपीएस केस में जेल में बंद आरोपी संजीव कुमार छाबड़ा उर्फ सुच्चा सिंह के नाम से पत्र भेजा गया है। पत्र मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पीएचक्यू के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान होगा शुरू

## कलाकारों को अब 60 हजार रुपये सालाना पेंशन



**रायपुर,14 मई।** मंत्रिपरिषद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य के शासकीय विद्यालयों में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का संचालन करने का अहम निर्णय लिया गया। इसके साथ ही साहित्यकारों व कलाकारों की पेंशन राशि बढ़ा दी गई है। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में और भी कई निर्णय लिए गये। 'मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, पालक-शिक्षक सहभागिता बढ़ाने और शैक्षणिक उपलब्धियों को उन्नत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष फोकस किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। अभियान के तहत विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण कर गुणवत्ता के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। कमजोर शालाओं की नियमित मॉनीटरिंग विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। मॉडल शालाओं का चयन कर, कमजोर शालाओं के शिक्षकों को वहाँ शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। पालक-शिक्षक बैठकों (पीटीएम) के माध्यम से अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में वृद्धि के लिए कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं में सुधार किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद ने साहित्य और कला के क्षेत्र में राज्य के अर्थाभावग्रस्त कलाकारों और साहित्यकारों के लिए एक बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। विधानसभा बजट सत्र में की गई घोषणा के परिपालन में अब कलाकारों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता (पेंशन) को 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इसके लिए संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालित वित्तीय सहायता योजना नियम-1986 में संशोधन के प्रस्ताव का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। इससे उन कलाकारों और साहित्यकारों को आर्थिक संबल मिलेगा, जो आजीविका के लिए संघर्षरत हैं। वर्तमान में राज्य में कुल 162 कलाकारों को यह पेंशन दी जा रही है।

वर्तमान में हर कलाकार को सालाना 24 हजार रुपये पेंशन मिल रही है, जो संशोधन के बाद बढ़कर 60 हजार रुपये हो जाएगी। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने एवं भूमि आबंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आबंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी, इससे औद्योगिक निवेशकों को भूमि आबंटन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने व लाभ उठाने में सुविधा होगी।मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में कई महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी है।

### गोपनीय सैनिक ने रायफल से खुद को मारी गोली,मौत

**सुकमा,14 मई।** सुकमा जिले में गोपनीय सैनिक के तौर पर पदस्थ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. घटना से कैंप में हड़कंप मच गया. सैनिक सोढ़ी सोमडा को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, बुधवार को सुबह करीब 9:30 बजे कैंप में गोपनीय सैनिक ने रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य जवान साथ भी मौके पर पहुंचे.

# शिक्षक, कांग्रेस नेता, रसोइया सहित 5 लोगों की हत्या

**बीजापुर,14 मई।** जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आ रही है, यहां शिक्षक, कांग्रेस नेता, रसोइया सहित 5 लोगों की हत्या कर दी गई। एक ही रात में 5 हत्या से इलाके में सनसनी मची है। वही इलाके में दहशत देखा जा रहा है। घटना छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस कार्यकर्ता, शिक्षादूत, रसोइया समेत कुल 5 लोगों की निर्मम हत्या कर दी। घटनाएं पामेड़ और उसूर थाना क्षेत्र में हुईं, जिससे इलाके में भारी दहशत फैल गई है। यह घटना पामेड़ और उसूर थाना क्षेत्रों में हुई है, जहां लंबे समय से नक्सली गतिविधियां सक्रिय हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मारूडबाका गांव में कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी को मौत के घाट उतार दिया गया। इसके अलावा मीनागट्टा में शिक्षादूत अशोक मुचाकी और मुचाकी रमेश की हत्या की गई। वहीं कंचाल गांव में स्कूल में काम करने वाले रसोइया मडकम हड़मा और करतम कोसा को भी नक्सलियों ने निशाना बनाया। शिक्षा और मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़े कर्मचारियों की हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीण इलाकों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षादूत और रसोइये अब अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की हत्या के बाद भी परिजनों ने थाने में इसकी सूचना नहीं दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नक्सलियों की धमकी के चलते परिजन डरे हुए हैं और पुलिस के पास जाने से कतरा रहे हैं। यह घटना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है, जो पहले ही नक्सलियों से जूझ रहा है। एक ही रात में पांच हत्याएं होने के बाद सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

# मौलवी ने तोड़ा विश्वास, 40 लाख ठगे

**बलौदाबाजार,14 मई।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के बिटकुली गांव से एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. गांव की मस्जिद में रहकर वर्षों से बच्चों को पढ़ाने वाले मौलवी मिर्जा जलील बेग ने ग्रामीणों का विश्वास हासिल कर करीब 40 लाख रुपये की ठगी कर ली. अब वह कई महीनों से फरार है और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगा रहे हैं.ग्रामीणों के अनुसार, मौलवी मिर्जा जलील बेग पिछले 10 वर्षों से गांव की मस्जिद में रहकर बच्चों को धार्मिक शिक्षा दे रहा था. इस दौरान उसने गांववालों का गहरा विश्वास जीत लिया था. लोगों ने उसे सम्मान और सहयोग भी दिया. इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने धीरे-धीरे लोगों से मोटी रकम उधार ली. मौलवी ने कभी मां की बीमारी, कभी पिता के एक्सीडेंट, तो कभी ट्रैक्टर खरीदने या ईंट भट्ठा खोलने के नाम पर गांव के पुरुषों और महिलाओं से लाखों रुपये ले लिए. कई महिलाओं ने तो स्वयं सहायता समूह से लोन लेकर उसे पैसे दिए. कुछ ने तो अपने गहने और कीमती सामान तक गिरवी रख दिए ईश्वरी ध्रुव नामक महिला ने बताया कि मौलवी ने उनके महिला समूह से करीब डेढ़ लाख रुपये लिए और व्यक्तिगत रूप से भी 60 हजार रुपये लिए. वह लगातार रकम लौटाने का वादा करता रहा, लेकिन अब महीनों से फरार है.राबिया नाम की एक महिला ने बताया कि वह चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है, लेकिन मौलवी ने उससे भी करीब डेढ़ लाख रुपये की ठगी की और अब उसका कोई पता नहीं है. गांव के अजमेर अली ने बताया कि मौलवी ने करीब 40 से 50 लोगों से इसी तरह पैसा लेकर फरार हो गया है. ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बलौदाबाजार के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी मौलवी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने मांग की है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर उनके पैसे वापस दिलवाए जाएं. पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. अब गांव के लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उन्हें जल्द न्याय मिलेगा और उनके लाखों रुपये की भरपाई हो सकेगी.

# कवर्धा में 9 संदिग्ध टास्क फोर्स की हिरासत में

**कवर्धा,14 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनज़र कबीरधाम जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है। जिला पुलिस ने सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए एक विशेष 'पुलिस टास्क फोर्स' का गठन किया है, जो संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए जगह-जगह अभियान चला रही है। बता दें कि टास्क फोर्स की ताजा कार्रवाई में 6 उत्तर प्रदेश और 3 अन्य जिलों के कुल 9 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान इनके पास वैध पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं पाए गए, जिसके चलते इनके खिलाफ धारा 128 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। एडिशनल एसपी पुष्पेन्द्र बघेल के नेतृत्व में गठित इस टीम में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, कोतवाली प्रभारी, दो टीआई और 50 से अधिक पुलिस जवान शामिल हैं। टीम ने मंगलवार को आदर्श नगर, कसाई पारा, अटल आवास, समनापुर और हरिनछपारा गांव में सघन और अचानक चेकिंग अभियान चलाया।एएसपी बघेल ने बताया कि यह विशेष टीम बांग्लादेशी और पाकिस्तानी नागरिकों की अवैध घुसपैठ को रोकने के उद्देश्य से गठित की गई है। अब तक जिले में 128 संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है और आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही, मकान मालिकों से कहा गया है कि वे किरायेदारों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान समय रहते की जा सके।

# न्यायाधीश को केवल अपने विवेक और कानून के आधार पर फैसला करना चाहिए : गवई

**नई दिल्ली,14 मई।** न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह देश के पहले बौद्ध और दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश बने हैं। इससे पहले न्यायमूर्ति के. जी. बालकृष्णन दलित समुदाय से पहले सीजेआई बने थे। न्यायमूर्ति गवई को राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे शपथ ग्रहण से एक दिन पहले बार एंड बेंच को दिए इंटरव्यू में न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''मैं हमेशा सामाजिक और आर्थिक न्याय का पक्षधर रहा हूं।'' उन्होंने बताया कि न्यायपालिका में लंबित मामलों की संख्या को कम करना और निचली अदालतों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''मैं सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों की समस्या को प्राथमिकता से हल करना चाहता हूं। उच्च न्यायालयों का बुनियादी ढांचा बेहतर है, लेकिन निचली अदालतों में अब भी समस्याएं हैं।'' उन्होंने माना कि उनका कार्यकाल केवल छह महीनों का है, इसलिए वे कोई बड़े वादे नहीं करना चाहते, लेकिन जो भी कर सकें, व्यावहारिक रूप से काम करेंगे।न्यायमूर्ति गवई ने बताया कि न्यायालयों में मामलों की सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया लंबित मामलों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा, ''हमारे यहां अभी दो दिन गैर-महत्वपूर्ण मामलों और एक दिन नियमित मामलों के लिए होता है, जिससे नियमित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है।'' उन्होंने कहा कि वह अपने सहयोगी न्यायाधीशों के साथ इस पर चर्चा करेंगे और व्यावहारिक समाधान खोजने की कोशिश करेंगे।



हाल ही में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर कैश बरामद होने के मामले पर टिप्पणी करते हुए गवई ने कहा, ''900 न्यायाधीशों में से ऐसे मामलों की संख्या बहुत कम है, लेकिन इतनी भी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। जनता हमारे ऊपर आखिरी उम्मीद के रूप में भरोसा करती है।'' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की प्रक्रिया को तय नियमों के तहत ही देखेंगे। केंद्र सरकार द्वारा कॉलेजियम की सिफारिशों पर निर्णय में हो रही देरी को लेकर न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि वे सरकार के साथ संवाद स्थापित कर लंबित नियुक्तियों को जल्द से जल्द निपटाना चाहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नियुक्तियों में पारदर्शिता जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''अगर कोई न्यायाधीश के परिवार से है, लेकिन योग्य है, तो केवल संबंध के कारण उसे नकारा नहीं जा सकता।'' न्यायमूर्ति गवई ने स्वीकार किया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट में दलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए तेजी से पदोन्नत किया गया था। उन्होंने कहा, ''विविधता से यह फायदा होता है कि विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले न्यायाधीश समाज की जमीनी हकीकतों को बेहतर समझते हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम हाईकोर्ट कॉलेजियमों से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों, खासकर महिलाओं को प्राथमिकता देने की अपील कर रहा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कोई भी न्यायाधीश आलोचनाओं से प्रभावित होकर निर्णय नहीं लेता। उन्होंने कहा, ''एक न्यायाधीश को केवल अपने विवेक और कानून के आधार पर फैसला करना चाहिए, न कि आलोचनाओं के डर से।'' उन्होंने कहा, ''मैं सोशल मीडिया नहीं देखता। मैं न इंस्टाग्राम पर हूं, न एक्स पर। अगर आपका विवेक कहता है कि आप सही हैं, तो किसी की आलोचना से डरने की जरूरत नहीं है।''

पूर्व सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शुरू की गई तकनीकी पहल को जारी रखने की बात करते हुए गवई ने कहा, ''हम इसे आगे बढ़ाते रहेंगे। हमारे पास एक अनुभवी तकनीकी अधिकारी है जो एनआईसी से हैं और नई सुविधाओं पर काम कर रहे हैं।'' न्यायमूर्ति गवई ने स्पष्ट कहा कि वह सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी सरकारी पद को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं सीजेआई पद छोड़ने के बाद कोई सरकारी पद नहीं स्वीकार करूंगा।''

### गेस्ट हाउस के पास पेड़ से लटकी मिली लाश

**रायपुर,14 मई।** गंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित भल्ला गेस्ट हाउस के पास बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली। राहगीरों ने जब लाश को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की और जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान एक युवक के रूप में हुई है जो पास की चौड़ी में काम करता था। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन शव की स्थिति को देखते हुए हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में घटना के बाद दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना की सच्चाई सामने लाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### गांजा सप्लायर महिला की संपत्ति सीज



**भिलाई, 14 मई।** भिलाई शहर में नशे का कारोबार करने वाली दो आदतन गांजा सप्लायर महिला की संपत्ति को पुलिस ने सफेमा कोर्ट के आदेश पर सीज कर दिया। दुर्ग पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों की संपत्ति जप्त करने सफेमा कोर्ट मुम्बई में आवेदन किया था। कोर्ट से आदेश जारी होने पर पुलिस ने तीन आवासीय मकान एवं दो दुपहिया वाहन समेत कुल 40 लाख की संपत्ति जप्त की छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि दुर्ग पुलिस मादक पदार्थों के विरूद्ध जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही है। इसके चलते अवैध मादक पदार्थो के व्यापार और उसमें संलिप्त जी. सरोजनी के खुर्सीपार स्थित 02 मकान एवं मिनी माता नगर स्थित एक मकान और उनके घर में उपयोग किए जाने वाले 2 दुपहिया वाहनों को जप्त किया। फ्रीजिंग आर्डर थाना प्रभारी खुर्सीपार द्वारा जारी कर कार्रवाई के लिए सफेमा कोर्ट मुंबई को भेजा गया था सफेमा कोर्ट द्वारा विचारण उपरांत 9 मई को संपत्तियों का जप्ती आदेश जारी किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपिया जी. सरोजनी का बालाजी नगर खुर्सीपार मकान, जिसकी कीमत लगभग 16 लाख 55 हजार 654 रुपए आंकी गई है। मिनी माता नगर खुर्सीपार का 20 लाख 46 हजार 444 का मकान और 2 लाख 12 हजार 502 रुपए का गणेश मंदिर, बालाजी नगर खुर्सीपार स्थित घर को जप्त किया। इसके अलावा गांजा तस्कर जी. धनराजू की कुल 65 हजार रुपए कीमत की दो बाइक भी सीज की है।

### बाइक चोरी मामले में 4 गिरफ्तार



**भिलाई, 14 मई।** सर्विसिंग के लिए छोड़ी बाइक का भय दिखाकर चोरी कर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक अपचारी सहित चार लोगों को पकड़ा है घटना सुपेला थाना क्षेत्र में 12 मई को हुई। पुलिस के मुताबिक अनिकेत टीवीएस अपाचे सीजी-07 एल जेड 7533 की सर्विसिंग कराने आया था उसी समय चार लड़के पुस्कर जांगड़े, अमन शाह, सागर शर्मा व एक अपचारी बालक आया आरोपितों ने प्रार्थी को यहां गाड़ी कौन छोड़ा है कह कर भय दिखाकर गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे इसके बाद आरोपित बाइक को चोरी कर ले गएँ शिकायत पर सुपेला थाने पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर घटना की जांच शुरू की पतासाजी के दौरान चार व्यक्ति चोरी की बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपितों को घेराबंदी कर पकड़ा।

### युवक ने दोस्त को चाकू मारा

**भिलाई, 14 मई।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत युवक ने अपने ही दोस्त के पेट में चाकू घोंप दिया घटना से पहले आहत युवक दोस्त के बुलावे पर उसके घर पहुंचाए जहां दोनों ने साथ बैठकर शराब का सेवन किया इस बीच आहत युवक ने दोस्त के जीजा के काले रंग पर कमेंट्स कर दिया। इससे गुस्साए दोस्त ने अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है जामुल पुलिस ने बताया कि तालपुरी ब्लाक बी निवासी साहिल कुमार उर्फ पवन 23 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 32 एकड हाउसिंग बोर्ड निवासी राहुल सिंह उसका दोस्त हैं। सोमवार को राहुल ने उसे अपने घर मिलने के लिए बुलाया था। शाम करीब 4 बजे उसके घर पहुंचा। इसके बाद दोनों बैठकर शराब पीने लगे। रात करीब 8 बजे शराब पीने के दौरान राहुल के जीजा को लेकर बातचीत होने लगी। उस दौरान उसने जीजा के काले रंग को लेकर कमेट कर दिया। इसी बात को लेकर राहुल सिंह और उसके बीच विवाद हो गया। उसकी बात राहुल से इतना आक्रोशित हो गया कि रात करीब 9:30 बजे अपने घर के बाहर रोड पर अपने पास रखे बटनदार चाकू को निकालकर उसके पेट में घोंप दियाए जिससे उसके पेट में चाकू फंस गया उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया ।

### सीवर लाइन पर अतिक्रमण करने वाले 86 लोगों को निगम ने दिया नोटिस

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के खुर्सीपार में जहां पर स्थानीय निवासियों के मांग के अनुसार सीवर लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है। कुछ लोगों द्वारा बीएसपी के समय का बने सीवर लाइन के ऊपर अतिक्रमण करके मकान बना लिया गया है। पूर्व में कुछ लोगों को नोटिस देकर के मकान खाली कराया गया था। आगे का काम जारी रखने के लिए अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जो बार.बार नोटिस देने के बाद भी अपना अतिक्रमण खाली नहीं कर रहे हैं।

# शक्कर कारखाना का किसी भी कीमत पर निजीकरण नहीं होने देंगे : रवि चन्द्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पंडरिया, 14 मई।** पंडरिया सहित पूरे जिले में लगभग 80 प्रतिशत किसान भाई गन्ने की खेती करते है जिनके लिए जिले में दो शक्कर कारख़ाना संचालित है जहां किसान अपना फसल अधिक से अधिक दाम पर बेच कर,लाभांश राशि और सरकार से मिलने वाली बोनस राशि से अन्य फसल के अपेक्षाकृत अत्यधिक कमाई करते है। परंतु कुछ दिनों से पंडरिया स्थित शक्कर कारख़ाना को नुक़सान में बताकर किसानों को भुगतान में हो रही समस्याओं के चलते कारख़ाना को निजी कंपनी को देने की अफ़वाह चल रही है जिसके विरोध में लगातार कारख़ाना की कर्मचारियों, किसानों के द्वारा निजीकरण के विरोध में आवाज़ उठाई जा रही है।किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने निजीकरण के मामले पर स्थानीय पंडरिया विधायक से निजीकरण के मामले पर स्पष्टीकरण देने की माँग करते हुए कहा कि आज की परिस्थिति में कारख़ाना के निजीकरण होने की बात चलने से लगभग 7000 शेयरधारी किसान चिंतित नज़र आ रहे है किसानों को अंदेशा हो रहा है कि यदि कारख़ाना निजी हाथो में चला गया तो किसान भाईयो को काफ़ी नुक़सान होगा इसलिए हमारे पंडरिया विधायक जो की छोटी छोटी बातो पर प्रेस विज्ञप्ति या वीडियो संदेश देती रहती है उनको इस बड़े मामले पर किसानों को आस्वस्त करना चाहिए कि कारख़ाना के निजीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः असत्य है , परंतु ऐसा न करने के कारण किसानों की चिन्ताये बढ़ना स्वाभाविक है ।रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि कारख़ाना प्रबंधन एक ओर पिछले छः माह से किसानों को भुगतान नहीं कर पाई है कही यह निजीकरण की दिशा में प्रबंधन और प्रशासन की मिलीभगत तो नहीं की किसानों को भुगतान के न कर परेशान किया जाये जिससे की निजीकरण का रास्ता आशान हो, पर चन्द्रवंशी ने कहा कि यह फ़ैक्ट्री हमारे क्षेत्र के उन्नति का प्रतीक है इसे हम किसान किसी भी क़ीमत पर निजी हाथो में नहीं जाने देने ज़रूरत पड़ने पर किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन करेगी ।

भूमिपूजन



### जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

**कवर्धा ।** जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य किया। ग्राम पंचायत मक्के आश्रित ग्राम बैजलपुर में रंग मंच ओर.ग्राम पंचायत बानो आश्रित ग्राम दलपुरुवा में सामुदायिक भवन ।

# गुरुकुल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 मई।** कक्षा बारहवीं में पीहु अग्रवाल 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को किया गौरवान्वित कक्षा दसवीं एवं बारहवी में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। दसवीं में छात्र दर्श सिंह पाहुजा 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, आर्यन गुप्ता 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर प्रांजल गुप्ता 93.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में पीहु अग्रवाल 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में उत्कर्ष वर्मा 94.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, भूमि वार्ते 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं विपुल ठाकुर 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कवर्धा ! कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं तथा 12 वीं की परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वी में कुल 82 एवं कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 122 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी लगन एवं परिश्रम के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला ही नहीं वरन जिले को गौरवान्वित किया है। दसवीं में छात्र दर्श सिंह पाहुजा 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं आर्यन गुप्ता 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं प्रांजल गुप्ता 93.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में पीहू अग्रवाल 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में अनिश मुटरेजा 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं अनुशिका अवस्थी 82.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में उत्कर्ष वर्मा 94.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कि तथा भूमि वार्ते 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं विपुल ठाकुर 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किये। कक्षा 10वीं में कुल 122 विद्यार्थियों में से 86 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं में 56 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यालय के प्रबंध समिति ने बतलाया कि विद्यालय के सभी विषयों के शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं मार्गदर्शन के साथ छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता से प्राप्त इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया है। इस उत्कृष्ट परिणाम हेतु प्रभारी प्राचार्य ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि यह विद्यार्थीयों के उचित मार्ग दर्शन में पढ़ाई करने का सुपरिणाम है। भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार और इससे अच्छा प्रदर्शन कर शाला एवं जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित करते रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं संचालको ने सफल छात्र-छात्राओं को बचाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए बधाई दी।

### कब्जे के साथ अवैध विद्युत लाइनों पर बीएसपी की बड़ी कार्रवाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग, प्रवर्तन विभाग तथा टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में एक संयुक्त अभियान चलाकर सेक्टर-7, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित अवैध बस्ती से लगभग 400 अवैध बिजली कनेक्शन हटाए गए। यह कार्रवाई संपदा न्यायालय के 10 मई 2025 आदेश क्रमांक 407, के अनुपालन में की गई। इस वृहद कार्रवाई के दौरान अवैध बस्ती में निवास कर रहे कुछ लोगों द्वारा एकत्र होकर विवाद की स्थिति उत्पन्न की गई और सड़क जाम करने का प्रयास किया गया।

# शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने मौजूद रहकर समस्याओं का समाधान किया



भिलाईनगर,14 मई। सुशासन तिहार 2025 में नागरिको के समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उनके मांग एवं शिकायत के आधार पर स्थल निरीक्षण कर उसका समाधान संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा तत्काल किया जा रहा है। आज नव निर्मित लोकांगन परिसर वैशाली नगर में शासन के सभी प्रमुख विभाग उद्यान शाखा, शहरी अजीविका मिशन, लोक कर्म विभाग, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जल विभाग, नियमितिकरण, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास, पेंशन विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष, मोर संगवारी के सदस्य, आधार कार्ड, यातायात, वन विभाग, श्रम विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे थे एवं उनके समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा था।यातायात विभाग एवं आधार कार्ड के काउंटर पर ज्यादा भीड़ था, आवेदक अपने ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड इत्यादि का नवीनीकरण करवा रहे थे। 22 वर्षीय मधुसुदन मिस्त्री ने इस बात की खुशी व्यक्त कि हमें अपना ड्राईविंग लाईसेंस सुधरवाने के लिए यातायात विभाग दुर्ग जाकर करवाना पढ़ता, किन्तु हमारा काम सुशासन समाधान शिविर में हो गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा 6 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट एवं 5 गर्भवती महिलाओ को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जा रही पोषण आहार का प्रदर्शनी भी लगाया गया था। जिसके माध्यम से यह बताया गया कि आंगनबाड़ी में बच्चों को किस प्रकार से खाद्य सामग्री बनाकर दिया जाता हैवैशाली नगर विधायक के विशेष पहल पर आज यातायात विभाग द्वारा लगाए गए काउंटर पर 15 नये ड्राईविंग लाईसेंस एवं 2019 के बाद बाद के 6 गाड़ियों के नम्बर प्लेट भी बदले गए। कुल 320 नए आवेदन प्राप्त हुए, 17 आधार कार्ड भी बनाये गये।

# श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 14 मई।** फरवरी-मार्च महीनें से ही वार्षिक परीक्षा दिलाकर बच्चे बेसब्री से अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार करते हैं इसी कड़ी में बीते मंगलवार को सी.बी.एस.ई. ने अपना कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया, जिसमें कवर्धा के सर्वश्रेष्ठ सी.बी.एस.ई. विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत सराहनीय रहा जिसमें कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में धनराज डहरिया 95 प्रतिशत, राशि यादव 91.6 प्रतिशत, डिकेश्वर चन्द्राकर 90 प्रतिशत तो वहीं कामर्स संकाय के मोहिनी धुर्वे 92 प्रतिशत, टिकेश्वर वर्मा 91.2 प्रतिशत ने प्राप्त किया। डिकेश्वर चन्द्राकर ने फिजिकल एजुकेशन में 100 में 100 अंक प्राप्त करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं कक्षा 10वीं में डिकेश चन्द्रवंशी ने 97.6 प्रतिशत, दिपांशी शर्मा 95.4 प्रतिशत और श्रेयल चन्द्राकर 92.2 प्रतिशत प्राप्त किया। बच्चों की इस अपार सफलता से संपूर्ण विद्यालय परिवार गदगद है, हर्षित है, इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी, प्राचार्या एम. शारदा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाईया दी। बच्चों की इस अप्रितम उपलब्धि पर गौरान्वित होते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम हैं। जो बच्चे बचपन से ही चुनौतियों का सामना करते हैं वहीं जिंदगी में एक अच्छा मुकाम हासिल करते है।

# रोड,नाली पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर 54200 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रं. 01 अंतर्गत वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर चौंक रोड किनारे संचालित विभिन्न व्यापारियों द्वारा रोड नाली के उपर अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालन कर रहे थे। आज स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम जांच करने पहुंची। तो पाया गया कि दुकान संचालकों के पास अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखा गया था एवं सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामान डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा था। दुकान से प्लास्टिक को जप्त किया गया और उन पर 54200 रूपये का चालानी कार्यवाही करते हुए रसीद प्रदान किया गया। प्रमुख दुकानें द ग्रीन दे पॉर्लर सेंटर 5000, रूंगटा सुपर डेंटल क्लिनिक 15000, मॉ लक्ष्मी कम्प्युटर 1000, पूजा गुप्ता पैथोलाजी लैब 5000, तीरथ सोनकर फल सेंटर 1500, प्रहलाद हेल्थ केयर 5000, किडस केडम कैफे रेस्टोरेंट 6000, चंदन डेली नीडस 1200, अंसारी आटो पॉटस 1000, महेश यादव डेली नीडस 1500, मॉ लक्ष्मी जलपान 1000, ढिल्लन चिकन सेंटर 2500, सूरज फल सेंटर 1000, देवांगन डेली नीडस 500, अन्ना नाश्ता सेंटर 500, बाबा फूड सेंटर 500, गुलशन खातून मटका सेंटर 500, अकबर ताला चाबी सेंटर 1000, धनेश्वर देवांगन इटली डोसा 1500, मोनिका फ्लावर सेंटर 1000, कमल गुमनाम रेडिमेंट 1500 एवं आशीष साहू फल ठेला से 500 इस प्रकार कुल 54200 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये है कि जो भी व्यापारी नाली के उपर अतिक्रमण कर दुकान संचालित कर रहे। उनके उपर कार्यवाही की जावे। अधिकांश देखने में आ रहा है कि सड़क के उपर अतिक्रमण कर देने एवं विज्ञापन बोर्ड लगा देने से रास्ता सकरा हो जा रहा है, दुर्घटना की संभावना बढ़ रही है। सभी व्यापारी अपने गुमस्ता एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस को अपने दुकान में ही रखें। निगम का दल जाएगा, उसे चेक करेगा, किसी प्रकार का कमी पाए जाने पर नगर निगम अधिनियम 1956 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

# सम्यक मैत्री परिवार ने बुध्द पूर्णिमा पर खीर,शरबत व फल वितरण किया



**भिलाई, 14 मई ।** सम्यक मैत्री परिवार भिलाई द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई सुबह 11 बजे सेक्टर-2 पेट्रोल पम्प के समीप खीर, शरबत व फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय ढाबर्डे थे । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बुद्ध धर्म में दान पुण्य महत्वपूर्ण कार्य होता है समिति के इस पुनीत कार्य की उन्होंने सराहना की । विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शान्ति का संदेश दिया। आज के समय में उनके वचनों का अनुसरण करना हम सब के लिये जरूरी हो जाता है। पत्रकार अनिल साखरे ने कहा कि बौद्ध समाज हमेशा से परोपकार के कार्य करता आ रहा है। उन्होनें कहा कि इस परम्परा को हमेशा कायम रखना होगा। ताकि बच्चों को भी इसकी जानकारी हो सके। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण शर्मा एवं पी मोहन की उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष वत्सला भवते ने की । कोषाध्यक्ष विलास राहुलकर ने समिति की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम का संचालन संजय मेश्राम ने किया। इस अवसर पर तथागत समाज कल्याण समिति ने फल दान भी किया।कार्यक्रम में अन्य उपस्थित जनों में हरिकिशन भवते, सुषमा राहुलकर, सुषमा अजय अडकणे, प्रकाश अर्चना बांसोड़, बेबीनंदा उत्तम देश भरतार, शांता कपिल डोंगरे, संगीता जितेंद्र बोधी धोटें, रेखा पुरुषोत्तम जनबंधु, आशा जुल्में, लता मुकेश गोसाई, प्रतिभा सत्येंद्र मंडपे, सीमा अनिल मेश्राम, उमा मेश्राम, संध्या ओमप्रकाश रावले, सुषमा नवल सलवाहकर, ममता ओ पी श्यामकुंवर, अनीता वीरेंद्र ऊके, कविता भगत, वैशाली प्रहलाद पाटिल, राजकुमार खांडेकर उपस्थित थे।

# गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप के कई सेक्टरों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि

**भिलाई,14 मई।** दिन प्रतिदिन गर्मी बढने के साथ ही टाउनशिप में अब पानी के लिए त्राहि त्राहि मचना शुरू हो गया है। सबसे अधिक स्थिति तो सेक्टर 6, सेक्टर-7 सहित उन सेक्टरों की हैं जहां तिमंजिला मकान है। ग्राउण्ड फ्लोर वाले सभी मोटरपंप लगाकर पूरा पानी खींच ले रहे हैं, उसके कारण दो मंजिला और तिमंजिला वाले लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरसने लगे है। इस मामले में फौरन बीएसपी प्रबंधन और सांसद विजय बघेल तथा भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को संज्ञान लेना चाहिए और बीएसपी प्रबंधन के उच्च अधिकारियों से जितना जल्दी हो सके पिछले सालों की तरह इस साल भी सुबह साढे 6 बजे से 8 बजे तक उनको बिजली बंद करवाने और सुबह शाम दोनो पाली पानी सप्लाई करवाने का कार्य करना चाहिए। हर साल जब सुबह साढे 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक जब बीएसपी प्रबंधन सांसद विजय बघेल और विधायक देवेन्द्र यादव के कहने और आम जनता की मांगों को देखते हुए जब बिजली बंद करना शुरू कर दी थी तो सभी को भरपूर पानी प्राप्त हो रहा था। ग्राउण्ड फ्लोर के लोग सुबह मोटरपंप लगाकर पानी खींचकर पीने और अन्य कार्यों के लिए पानी भर जाने के बाद भी मोटरपंप बंद नही करते है और प्रतिदिन अपने लग्जरी वाहनों की धुलाई करते है और सामने सड़क पर भी पानी धूल नही उडने के नाम पर सड़क पर पानी डालने और पानी बर्बाद करने का कार्य करते है। इनके इन कार्यों के कारण दूसरे मंजिल और तीसरे मंजिल में रहने वाले को एक दो बाल्टी भी पानी बहुत ही मुश्किल से प्राप्त हो रहा है। बीएसपी प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे उनके पेयजल का भी ध्यान रखे। कई सेक्टरों के लोग सांसद विजय बघेल के पास पहुंचकर उनसे बीएसपी प्रबंधन से सेक्टर 6 सहित जहां जहां तीमंजिला और चार मंजिला व दो मंजिला मकान है वहां बीएसपी प्रबंधन के उच्च अधिकारियों से बात कर पानी आपूर्ति के समय बिजली बंद करवाने की मांग की है। कई लोग प्रेस के माध्यम से सांसद विजय बघेल से मांग की है कि वे बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर सुबह प्रतिदिन गर्मी तक वे बिजली बंद करवाये और सुबह के अलावा शाम को भी पानी सप्लाई करवाये ताकि हम सभी लोगों को पानी के मामले में राहत मिल सके। सबसे अधिक विकराल स्थिति आज सुबह हमारे संवाददाता को देखने मिला कि जब सेक्टर 6 के सड़क 9 से लेकर सड़क 12 तक की तिमंजिला वाली कुछ महिलाओं को नीचे से दूसरे घरों से पीने के लिए पानी तिमंजिला पर ढो ढोकर ले जा रही थी। वहीं सेक्टर 6 सड़क 11 के ब्लॉक 3 में हाल ही में यहां निवासकरने आई एक महिला ने अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि क्या बताये भईया मैं जबसे यहां आई हूं, बूरी तरह फंस गई है, मुझे नही पता था कि बीएसपी क्षेत्र होने के बाद भी एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ेगा। छोटे छोटे बच्चे है, तीन चार दिन में एक बार बहुत मुश्किल से नहाना हो पाता है, कपड़ा तो धुलही नही पा रहा है। आप ही लोग कुछ करों और बीएसपी से कहकर सुबह बिजली बंद कराओं क्योंकि नीचे वाले सभी मोटर पंप, टुल्लू पंप लगाकर ले रहे है, इसके कारण हम सभी यहां तीन मंजिला पर रहने वालों के यहां पानी ही नही आ पा रहा है। समय से दस मिनट पहले पंप आपरेटर बंद कर रहे है पानीः- भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कई सेक्टरों में दो से तीन घंटे पानी सप्लाई करता है, वहीं सेक्टर 6 सहित कई सेक्टरों में केवल एक घंटा पानी सप्लाई किया जाता है, उसमें भी पानी खोलने वाले आपरेटर जानबूझकर समय से 10 मिनट पहले ही पानी सप्लाई बंद कर देते है। सुबह और शाम दोनो समय पानी सप्लाई की कर रहे है लोग मांग, ग्रीष्मकाल में पहले दोनो पाली होती थी पानी की आपूर्ति आज से दो तीन साल पहले तक गर्मी में पानी की अतिआवश्यकता को देखते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा बीसपी प्रबंधन से चर्चा कर करने के बाद बीएसपी प्रबंधन सुबह और शाम दोनो समय पानी की सप्लाई करता था। गर्मी में हलाकान लोगो ने फिर हलाकान लोग सुबह शाम दोनो समय पानी सप्लाई करने की मांग कर रहे है। हालांकि उसमें भी पंप आपरेटर जानबूझकर बदमाशी करते थे और सुबह एक घंटा के बजाय 40-45 मिनट में ही पानी बंद कर देते थे और शाम को आधा घंटा पानी सप्लाई करते थे जिसमें देखा जाये तो मात्र 15 मिनट ही पानी सप्लाई करते थे।

### शौर्य कुमार का सुयश



भिलाई, 14 मई। शारदा विद्यालय रिसाली मे सोनबेर परिवार के शौर्य कुमार साहू पिता शिवकुमार साहू माता सीमा साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर वोद्यालय एवं सोनबेर परिवार का नाम रौशन किया। शौर्य साहू बचपन से मेघावी रहे है वे स्व धनीराम सोनबेर, रामसिंह सोनबेर, प्रेमचंद सोनबेर, तथा मानसिंह सोनबेर के नाती है।

### सौम्या ने हायर सेकेंडरी परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर किया स्कूल व शहर को गौरवान्वित



**भिलाई, 15 मई।** बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की छात्रा सौम्या यादव ने बारहवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर अपने स्कूल शहर एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। कुमारी सौम्या यादव पूर्व पार्षद देवेंद्र-रीना यादव की सुपुत्री एवं छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव की भतीजी हैं।

## एक नजर

### जपमन ने बढ़ाया नगर का गौरव, सर्वाधिक अंक लेकर हुए उत्तीर्ण



डोंगरगढ़, 14 मई। नगर के जपमन सिंह भाटिया ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक लेकर नगर का गौरव बढ़ाया है। उसके पिता पिता जसदीप सिंह सोनू भाटिया व माता हरविंदर कौर भाटिया ने बताया कि प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के जपमन ने शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं को रोल मॉडल बनाया है तथा अच्छे अंक अर्जित कर उसने जहां माता-पिता का नाम रोशन किया है वहीं विद्यालय व नगर का नाम भी रोशन किया है। आगे चलकर जपमन का लक्ष्य अच्छे अंकों से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश में अपना नाम रोशन करने का है। उसके इष्ट मित्रों सहित सामाजिक लोगों व शिक्षकों ने उसकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है व उसके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।

### निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का अधिकारी ने निरीक्षण किया



छुरिया, 14 मई। छुरिया विकासखंड के 118 ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास में प्रधान मंत्री आवास का कार्य जोरों पर चल रहा है,गृह प्रवेश के दौरान ग्राम पंचायत लालूटोला (छुरिया) में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया गया, जहां पर निर्माणाधीन भवन के कालम गड्ढे के सेंटर में नही होने पर नाराजगी जताई साथ ही संबंधित तकनीकी सहायकों को दिशा निर्देश देते हुए,समय समय पर निर्माणधीन भवनों का निरीक्षण कर सही दिशा निर्देश दे ताकि मकान अच्छा और मजबूत बन सके,हमारे हितग्राही साथी जो आवास निर्माण का कार्य कर रहे होते है उनका सपना होता है । सरकार के सहयोग के साथ अपना स्वयं की भी पूंजी लगाकर एक अच्छा मकान बनाने के सपनों को पूरा करने में सहयोग करे । इस अवसर पर एच के भंडारी ए डी ओ,नैन सिंह पटेल समाजसेवी,शैलेश कुमार वैष्णव आवास विकास खंड समन्वयक,त्रिलोक देवांगन तकनीकी सहायक,मंशाराम यादव,खेडू राम पाल,शहनाज बेगम,भुनेश्वरी बाई,चंद्रकिशोर,शीतल, बिटान बाई अनुपा सांग सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय के उन्नयन एवं मरम्मत का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा

राजनांदगांव, 14 मई। जिला चिकित्सालय के उन्नयन एवं मरम्मत का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में बरसात के दिनों में प्रति वर्ष चिकित्सालय में पानी भर जाने की समस्या के अस्पताल आने वाले मरीजों एवं जनसामान्य को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष अंतर्गत जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में भू-तल के प्लिंथ लेवल को ऊपर करने के उन्नयन कार्य हेतु छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 3 करोड़ 56 लाख 70 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में भू-तल के प्लिंथ लेवल को ऊपर उठाने का कार्य किया जा रहा है।

### निधन

### सूरज प्रकाश तिवारी



डोंगरगढ़, 14 मई। स्थानीय पटेल वार्ड नंबर 17 निवासी चंद्रप्रकाश तिवारी के छोटे भाई सूरज तिवारी का आज शाम 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय सूरज तिवारी डॉक्टर महेश तिवारी एवं जय तिवारी के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 10 बजे उनके निवास से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। उनके निधन पर ब्राह्मण समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा नया विधानसभा भवन सितम्बर तक निर्माण हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश

- मुख्यमंत्री साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की उच्च स्तरीय समीक्षा
- 51 एकड़ क्षेत्र में बन रहा है भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त विधानसभा परिसर



रायपुर, 14 मई। नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 51 एकड़ भूमि पर छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का निर्माण तीव्र गति से जारी है। अब तक 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और इसे सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसकी भव्यता और कार्यक्षमता नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी। नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों को तीन प्रमुख विंगों में विभाजित किया गया है– विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन और सेंट्रल हॉल परिसर। इनमें दर्शक दीर्घा, मीडिया दीर्घा, सभागृह कक्ष, पुस्तकालय, विद्युतीकरण, वातानुकूलन, डामरीकरण, उद्यानिकी, जल एवं विद्युत आपूर्ति, आंतरिक साज-सज्जा और फिक्स्ड फर्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

विधानसभा परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली, 300 किलोवॉट सोलर पैनल और 500 सीटर ऑडिटोरियम की स्थापना की जा रही है, जिससे यह परिसर पर्यावरणीय दृष्टि से भी आदर्श उदाहरण बने।

संस्कृति विभाग द्वारा परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को समर्पित संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द, मुकेश बंसल, डॉ. बसवराजू एस, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## विष्णु के सुशासन में संवर रहा छत्तीसगढ़:किरण वैष्णव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया, 14 मई। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय का सुशासन है। आज छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है।जिसका तीसरे चरण शुरूवात हो चुकी है। आज समाधान शिविर के माध्यम से सरकार आपके द्वारा आई है। और आपके समस्या के सामाधान के लिए दृढ़ संकल्पित है।

छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा बनाया गया था। तब छत्तीसगढ़ को पिछड़ा राज्य कहा जाता था। जहां कभी भुख से मौत हो जाती थी।लोग पलायन करते थे।2003 में भाजपा नेतृत्व वाली डा रमन सिंह जी की सरकार बनी तब छत्तीसगढ़ में 1 रू किलो में चावल देने वाली पहला राज्य छत्तीसगढ़ बना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह की शुरुआत भी भाजपा सरकार में हुई ?मेडिकल कालेज,एम्स , स्कूल कालेज जैसे विकास के अनेकों विकास के कार्य भाजपा सरकार में हुए,उसी कड़ी में हमने बनाया है,हम ही संवारेंगे के साथ आज छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी छत्तीसगढ़ को विकास के दिशा में अग्रसर करने एक नया आयाम स्थापित कर रहे हैं।आज छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां 3100 रू प्रति क्विंटल में 21 एकड़ में धान खरीदी होती है।आज महिलाओ को हर महिने महतारी वंदन की राशि उनके खाते में पहुंच जाती है।भुमिहिन कृषकों को एक मुश्त 10000 रू राशि दी जाती है। प्रधानमंत्री आवास के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृति विष्णु देव साय की सरकार के पहली कैबिनेट बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में तेंदुपत्ता का मानक बोरा 5500 रू कर वांनाचल के आदिवासी भाई बहनों का मान बढ़ाया गया है। छत्तीसगढ़ में तीर्थ दर्शन योजना पुनः प्रारंभ किया गया। आज मात्र तेरह महीने की सरकार में छत्तीसगढ़ राज्य एक विकसित राज्य के रूप में उभरने लगा।

## वाहन सहित सागौन के चार लट्ठे जब्त

- वन विभाग की लंबे अंतराल के बाद कार्रवाई से मचा हड़कंप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 14 मई। वन विभाग दक्षिण बोरतलाव के अंतर्गत कन्हारटोला से बोदालदंड वन मार्ग परिसर सीतागोटा कक्ष क्रमांक आर 586 से लगे राजस्व क्षेत्र में पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 35 ऐजे 2970 में भरकर अवैध रूप से सागौन की तस्करी की जा रही थी जिसे वन विभाग ने जप्त किया है। दक्षिण बोरतलाव के वन परीक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस वाहन में चार नग सागौन लट्ठा जो . 654 घन मीटर अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया। जप्त वाहन की कीमत 6 लाख रूपये आंकी गई है महाराष्ट्र निवासी कांत सहारे पिता छबिलाल सहारे पुराडा तहसील देवरी जिला गोंदिया महाराष्ट्र तथा सालिहाटोला निवासी राजाराम पिता रामप्रसाद मंडावी के खिलाफ वन अपराध अधिनियम 1927 की धारा 52 के अंतर्गत जपती कर धारा 41 व धारा 42 परिवहन अनुज्ञा का उल्लंघन एवं छत्तीसगढ़ अभिवहन वनोपज नियम 2001 के नियम तीन के तहत कार्रवाई की गई प्रकरण की विवेचना परिक्षेत्र सहायक चाबुकनाला के द्वारा की जा रही है वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जप्त वाहन के राजसात की कार्रवाई हेतु उपवन मंडल अधिकारी डोंगरगढ़ को सूचना दी गई है। बताया गया कि इस कार्रवाई में रात्रि कालीन गस्त के दौरान वनकर्मी बापी घोष नरेश चंद्रवंशी जितेंद्र परिहार डेनिस मेश्राम ज्ञानेश्वर वैष्णव परिसर प्रभारी गोविंदराम कोर्राम चौकीदार नोहर कंवर विनोद महेश पवन कुंभकार राजकुमार पुनाराम कुमरे अनित तुलसी के सहयोग से यह कार्रवाई की गई।

## गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे कल्याणकारी योजना का लाभ

- मुसराकला में समाधान शिविर का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



डोंगरगढ़, 14 मई। मुसराकला - राज्य शासन के निर्देश पर प्रदेश भर में सुशासन तिहार मनाते हुए समाधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में 13 मई को ग्राम पंचायत मुसराकला में एक दिवसीय समाधान शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें ग्राम पंचायत मुसराकला, कातलवाही, आलीवारा, भानपुरी, कसारी,पेंडरी, सलटेकरी, पारागांवकला,पारागांव खुर्द कुल 09 ग्राम के ग्रामीण महिला पुरुष बड़ी संख्या में भाग लिया. सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू एवं जनपद सदस्य मती सीमा साहू, प्रशांत कोड़ापे,सरपंच मती गायत्री टेंभुरकर उप सरपंच मती रामवती निषाद एवं समस्त पंचगण सहित ग्राम प्रमुख कमल नारायण साहू ग्राम पटेल हेमसिंह ठाकुर व्यापार संघ अध्यक्ष बजरंग साहू, एसडीएम मनोज मरकाम जनपद पंचायत सीईओ आलोक सातपुते तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार सतपाल यादव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित 09 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित रहे. शिविर में आए हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया, और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी जानकारी ली। इस अवसर पर ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए आए हुए अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुशासन में जिले के सभी गांवों का विकास होगा। विकास कार्य के लिए धन राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया जा रहा है, ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले।

## मोरकुटुम्ब में हाईस्कूल भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष किरण शामिल हुई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरिया, 14 मई। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोरकुटुम्ब में लगभग 56.00 लाख रुपए की लागत से निर्मित हाईस्कूल भवन के निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चैलचित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गई। सभी अतिथियों का फूल माला गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि हाईस्कूल निर्माण से आस पास के पांच छः गांव के बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, छत्तीसगढ़ में विष्णु का सुशासन है निश्चित रूप हम गांव के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। शिक्षा एक व्यापक माध्यम है, जो छात्रों में कुछ सीख सकने के सभी अनुभवों का विकास करता है।शिक्षा समाज को बदलने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह व्यक्तियों को सामाजिक समस्याओं के बारे में जागरूक बनाता है और उन्हें सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है. ग्राम मोरकुटुम्ब में पीएम स्कूल भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना संचालित है।जिसमें प्रत्येक छात्र का स्वागत और देखभाल की जाती है, यहां एक सुरक्षित और प्रेरक सीखने का माहौल मौजूद है, जहां सीखने के अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जाती है।

## पार्किंग एवं यातायात की व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत: कलेक्टर

- चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 मई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, मादक पदार्थों की रोकथाम, आबकारी एवं नए कानून के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट देने में विलंब नहीं होना चाहिए। समय-सीमा का पालन करते हुए प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सात दिवस में यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आसान बनाने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में हुई मृत्यु तथा अन्य कारणों में हुई मृत्यु के संबंध में पोस्टमार्टम का कार्य निर्धारित समय-सीमा में करें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशीले दवाईयों के विरूद्ध जागरूक करने के लिए बच्चों को संदेश देते हुए कार्य करना है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स के माध्यम से संदेश देने के लिए कहा।

## समाचार संक्षेप



### जिला व जनपद अध्यक्ष ने दिखाई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रियों को हरी झंडी

छुरिया, 14 मई। छुरिया जनपद पंचायत द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत शिर्डी,शिगनापुर, त्रयंबकेश्वर हेतु 67 दर्शनार्थियों को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव व जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर मुख्यरूप से जनपद सभापति उतरा निषाद उपस्थित रही । तीर्थयात्रियों को संबोधित करते हुए मति किरण वैष्णव ने इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का आभार प्रकट किया,साथ ही जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी को श्रवण कुमार की संज्ञा दी व जिस तरह से श्रवण कुमार ने अपने अंधी अंधा माता पिता को चारधाम यात्रा करवाया ठीक वैसी ही हमारे मुख्यमंत्री जी के प्रयास से पूरे छत्तीसगढ़ के 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध माता पिताओं को दर्शन कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की शुरुवात कर अब तक लाखों की संख्या में यात्रा करवा चुके है । यात्रा में शामिल दर्शनार्थियों ने भी माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है । इस अवसर पर एच के भंडारी ए डी ओ,प्रेमानंद रामटेके पंचायत निरीक्षक,जी पी लारिया एस डी ओ,चंद्रवांसी जी,हेमंत साहू सहित जनपद के कर्मचारी मौजूद रहे।

### वित्त वर्ष-2025 में वेदांता ने की रिकॉर्ड कमाई, मुनाफा 172 प्रतिशत बढ़ा

- राजस्व और एबिट्डा में अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन

रायपुर, 14 मई। वेदांता लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 में जबरदस्त मुनाफा कमाया। कंपनी का सालाना शुद्ध मुनाफा 172त की तेज बढ़त के साथ 20,535 करोड़ रुपए पर पहुँच गया, जो अब तक का सर्वाधिक है। इस दौरान कंपनी का कुल राजस्व 10त बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपए पर पहुँच गया, जबकि एबिट्डा 37त बढ़कर 43,541 करोड़ रुपए रहा। यह एबिट्डा वेदांता के इतिहास में दूसरा सबसे ऊँचा स्तर है। चौथी तिमाही में भी वेदांता का प्रदर्शन मजबूत रहा। इस दौरान राजस्व 14त बढ़कर 39,789 करोड़ रुपए हुआ, और मुनाफा 118त की बढ़त के साथ 4,961 करोड़ रुपए पर पहुँचा। कंपनी की वित्तीय स्थिति भी बेहतर हुई है, यानि शुद्ध ऋण / एबिट्डा अनुपात 1.2 गुना तक सुधर गया। वेदांता लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अरुण मिश्रा ने कहा, चौथी तिमाही और पूरे साल के प्रदर्शन ने दिखा दिया कि संचालन में अनुशासन और लागत नियंत्रण से क्या हासिल किया जा सकता है। एल्यूमिनियम और ज़िंक में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ और लागत चार साल के निचले स्तर पर रही। आने वाले साल में हम और विस्तार की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी के सीएफओ अजय गोयल ने कहा, ÷हमने अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व और एबिट्डा दर्ज किया। लागत में कटौती और संचालन दक्षता पर फोकस की वजह से वित्तीय स्थिति पहले से कहीं बेहतर है।

### महापौर ने श्रमिक बाहुल्य वार्डो का दौरा कर पानी,सफाई पर नागरिकों से की चर्चा



राजनांदगांव 14 मई। महापौर श्री मधुसूदन यादव वार्डो में सुबह जाकर वार्डवासियो से रूबरू हो पानी, सफाई के संबंध में चर्चा कर रहे है, साथ ही उनके द्वारा स्कूल मैदान में जाकर खिलाडियो से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया जा रहा है। आज उन्होने शहर के श्रमिक बाहुल्य वार्ड में नवागांव, बाबूटोला तथा लखोली, सेठी नगर कुॅआ चैक में सुबह पहुचकर वार्डवासियों से पानी सफाई के संबंध में चर्चा किए, वही सर्वेश्वर दास स्कूल मैदान में खिलाडियों से मुलाकात की तथा शैक्षणिक भ्रमण में छत्तीसगढ विधानसभा जाने वाले विद्यार्थियों से मिलकर बधाई दिए। महापौर श्री यादव ने कहा कि शहर के सार्वजनिक कुॅओ की सफाई के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जल्द ही सफाई की जावेगी। महापौर श्री यादव आज सुबह नवागांव, बाबू टोला में जाकर नागरिको से चर्चा किए, पानी की समस्या पर कहा कि इस वर्ष मोहारा नदी में पानी कम होने के कारण समस्या आ रही है, समस्या का समाधान करने क्षेत्र में जाकर लोगो से सम्पर्क कर टैंकर से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लखोली क्षेत्र सेठी नगर, कुॅआ चैक में नागरिको से मुलाकात कर उनका हाल चाल जान उनसे पानी, सफाई के संबंध में चर्चा किए। लोगो ने कहा कि सेठी नगर में लगे सिंटेक्स टंकी के पास बोर का पंप खराब हो गया है, जिससे टंकी नही भर पा रही है, उन्होंने पंप सुधारने जल विभाग के उप अभियंता को निर्देशित किए तथा जहॉ पानी की समस्या है वहा नई टंकी लगाने कहा। महापौर के निर्देश पर पंप मरम्मत कर दोपहर में नई टंकी भी लगाया गया। उनके द्वारा लखोली निस्तारी तालाब का निरक्षण कर जलकुभी हटवाने आश्वासन दिया गया।

### असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई,भेजा जेल



राजनांदगांव, 14 मई। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर बसंतपुर पुलिस के द्वारा आपराधिक व असमाजिक तत्वो पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कडी के दौरान दिनांक 13.05.2025 को 04 अनावेदकगणो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जरिये मोबाईल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ आसाजिक तत्वो के द्वारा होटल अवाना के पास हो हुडदंग कर रहे, जिसे वहॉ पर उपस्थित लोगो के द्वारा समझाईश दिया किया किन्तु वे लोग नही मान रहे है। पुलिस को सूचना प्राप्त होने उपरान्त निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। उपरोक्त अनावेदकगणो द्वारा पुलिस की उपस्थिति में आक्रोशित होकर हो हुल्लड करने लगे। उपरोक्त आरोपीणो के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर अनावेदकगणो को गिरफ्तार कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से उपरोक्त आवेदकगणों का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। इसी प्रकार दिनांक 12.05.25 को सूचना प्राप्त हुआ कि सागर मंजन पिता सन्ममुख मंजन उम्र 29 साल निवासी सिंधी कॉलोनी राजनांदगांव थाना बसंतपुर सार्वजनिक रूप से छ0ग0 शासन द्वारा प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखा सितार को बिक्री करने हेतु रखा है।

# केयर हॉस्पिटल्स ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया



रायपुर, 14 मई। भारत के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक केयर हॉस्पिटल्स ने अपने अस्पतालों के नेटवर्क में अपने नर्सिंग कर्मचारियों की अटूट प्रतिबद्धता और महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करते हुए एक सप्ताह तक चलने वाले समारोहों और सामुदायिक आउटरीच पहलों की श्रृंखला के साथ अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया। समारोह का औपचारिक उद्घाटन कॉर्पोरेट कार्यालय से किया गया और सभी केयर हॉस्पिटल्स में एक साथ संबोधित किया गया। डॉ. विंसी अशोक त्रिभुवन, उपाध्यक्ष - नर्सिंग प्रशासन, ने केयर कॉर्पोरेट मुख्यालय से समारोह का नेतृत्व किया और सभी इकाइयों को प्रशंसा और प्रोत्साहन का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री विशाल माहेश्वरी, समूह मुख्य वित्तीय अधिकारी; डॉ. निखिल माथुर, समूह प्रमुख चिकित्सा सेवाएं; डॉ. अमित सिंह, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी; श्री हरेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय सीईओ (पश्चिम और मध्य भारत); श्री विनोद रमन, समूह मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी; डॉ. संदीप दवे, प्रबंध सह चिकित्सा निदेशक, रामकृष्ण केयर अस्पताल और डॉ. हार्दिक शाह, एचसीओ, रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर। उन्होंने मिलकर इस अवसर को मनाया, संगठन के रोगी-प्रथम दृष्टिकोण और अपने नर्सिंग पेशेवरों के प्रति गहरे सम्मान को मजबूत किया। इस वर्ष की वैश्विक थीम, ÷हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। देखभाल की आर्थिक शक्ति,÷ केयर अस्पतालों में गहराई से गूंज उठी क्योंकि प्रत्येक सुविधा अपनी नर्सिंग टीमों को सम्मानित करने और उनका उत्थान करने के लिए विविध गतिविधियों में लगी हुई थी। समारोह में प्रेरक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कौशल वृद्धि कार्यशालाएँ, मान्यता समारोह और कल्याण पहल शामिल थे, जिनका उद्देश्य नर्सों की भावना, लचीलापन और समर्पण का जश्न मनाना था। सामुदायिक देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, केयर अस्पतालों ने स्थानीय अनाथालयों में बच्चों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया। इस पहल में बाल चिकित्सा स्वास्थ्य जांच, पोषण मूल्यांकन और परामर्श की पेशकश की गई, जिससे जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और देखभाल आई। इस अवसर पर बोलते हुए, केयर हॉस्पिटल्स के चिकित्सा सेवाओं के समूह प्रमुख डॉ. निखिल माथुर ने कहा, ÷नर्स हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। उनकी नैदानिक विशेषज्ञता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और अथक समर्पण हर दिन सुरक्षित और प्रभावी देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नई तकनीक और बढ़ती रोगी अपेक्षाओं के कारण स्वास्थ्य सेवा में तेजी से बदलाव के साथ, आज नर्सें नेता, शिक्षक और समन्वयक के रूप में भी भूमिका निभाती हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य के लिए उनका काम आवश्यक है। यह उत्सव केवल एक इशारा नहीं है; यह हमारी नर्सिंग टीमों को हर संभव तरीके से सशक्त बनाने और उनका समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि है।

## संपादकीय

# पीएम मोदी ने सब साफ कर दिया

पहलगाम हमले के बाद कई दिनों तक बहुत सारी घटनाएं हुई, इन घटनाओं को लेकर देश व विदेश में कई तरह के सवाल किए जा रहे थे। शिकायत की जा रही थी कि पाकिस्तान के पीएम ने तो राष्ट्र को संबोधित कर दिया है, पीएम मोदी ने अब तक पहलगाम से लेकर पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर हमले तथा पाक सेना के हमले के बाद भी कुछ भी नहीं कहा है। पीएम मोदी सही मौके का इंतजार कर रहे थे। वह एक बार देश के लोगों को, देश के राजनीतिक दलों को, अपने विरोधियों को,अपने आलोचकों को, पाकिस्तान की सरकार को, पाकिस्तान के आतंकियों को, उनके नेताओं को, अमरीका.चीन,तुर्की सहित तमाम देशों को संबोधित कर सारे सवालों का जवाब देना चाहते थे, वह मौका आया जब पाकिस्तान ने युध्द विराम का प्रस्ताव दिया। पाकिस्तान की तरफ से कहा गया कि अब कोई सैन्य कार्रवाई नहीं की जाएगी, अब कोई आतंकी हमला नहीं होगा। युध्द विराम के पहले ही भारत ने बड़ी होशियारी से गेंद पाकिस्तान के पाले में डाल दी कि अब भारत के खिलाफ किसी भी तरह की आतंकवादी कार्रवाई की गई तो उसे एक्ट आफ वार माना जाएगा। पीएम मोदी ने भारत व पाकिस्तान के बीच एक लाइन खींच दी है। यानी अब पहले की तरह आतंकवादी कार्रवाई होने पर भारत सबूत जुटाकर, डोजियर नहीं देगा, किसी विश्व मंच पर शिकायत नहीं करेगा,किसी देश के पास बताने या पूछने नहीं जाएगा कि उसे क्या करना है। भारत ने तय कर लिया है कि अब किसी तरह का भी आतंकी हमला हुआ तो उसका जवाब जरूर दिया जाएगा। सैन्य कार्रवाई की जाएगी। आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया जाएगा. आतंकियों को वह जहां भी होंगे, हमला कर मारा जाएगा। पाकिस्तान सेना आतंकियों को बचाने का प्रयास करेगी तो पाकिस्तान सेना के ठिकानों को नष्ट कर दिया जाएगा। पीएम मोदी जानते हैं कि पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है,वह आने वाले दिनों में जरूर कुछ करेगा और भारत को फिर कार्रवाई का पूरा मौका देगा, इसलिए पीएम मोदी ने पाकिस्तान को जानबूझकर मौका दिया है। उन्होंने पाकिस्तान को बता दिया है कि आपरेशन सिंदूर चलता रहेगा,जब तक पाकिस्तान में एक भी आतंकवादी है और भारत पर आतंकवादी हमला होता रहेगा तब आपरेशन सिंदूर चलता रहेगा क्योंकि आपरेशन सिंदूर का मकसद ही आतंकियों का सफाया है। भारत ने पाकिस्तान को यह भी बता दिया है कि भारत अब पाकिस्तान के एटमी हथियारों से नहीं डरने वाला है। भारत को इन हथियारों के उपयोग का डर दिखाया गया तो भारत इन हथियारों को वहीं नष्ट कर देगा जहां जहां वह रखे हुए हैं। पाकिस्तान को बता दिया है कि भारत के लिए इन हथियारों को नष्ट करना घंटों का नहीं मिनटो काम है। अगर भारत हथियार जहां रखे हुए हैं, वहां तक मिसाइल दाग सकता है तो भारत मिसाइल वहां भी दाग सकता है जहां एटमी हथियार रखे हुए हैं। भारत की परमाणु नीति अब तक तो यही रही है कि वह पहले इनका उपयोग नहीं करेगा। अब भारत ने अपनी यह नीति थोड़ी से बदल दी है, वह इस बात पर कायम है कि पहले उपयोग नहीं करेगा लेकिन किसी देश को भारत के खिलाफ उपयोग भी नहीं करने देगा। पाकिस्तान उपयोग करना चाहेगा तो उपयोग करने से पहले वह जहां है वहीं नष्ट कर देगा। यानी पाकिस्तान को बता दिया गया है कि तुम्हारे एटमी हथियारों से तुमको ही अब ज्यादा खतरा है। अच्छा तो यह है कि तुम खुद ही इसे नष्ट कर दो। ऐसा नहीं करोगे तो यही हथियार एक दिन पाकिस्तान के विनाश का कारण बनेंगे। पाकिस्तान को पीएम मोदी ने बता दिया है कि उसको दो बातों से सबसे ज्यादा खतराहै, एक है आतंकवाद और दूसरा एटमी हथियार। पाकिस्तान इसे अब तक अपनी ताकत समझता रहा है। किसी ने उसको नही बताया कि यह दोनों ही उसके विनाश का कारण है लेकिन पहली बार मोदी ने बता दिया है। पीएम मोदी ने अमरीका,चीन सहित विश्व के तमाम देशों को भी बता दिया है कि पाकिस्तान यदि आतंकवाद का बढ़ावा देता रहेगा, भारत आतंकवादी भेजता रहेगा तो भारत को कोई पाकिस्तान पर हमला करने से नहीं रोक सकता, किसी की बात भारत मानने वाला नहीं है। जैसे अमरीका व इजराइल को अपने मामले सुलझाने का अधिकार है वैसे अब भारत भी अपने मामले बिना किसी तीसरे के सहयोग के ही सुलझाएगा। किसी तीसरे देश को भारत व पाकिस्तान के बीच में कुछ भी कहने या करने का अधिकार नहीं है। अमरीका.चीन व तमाम देश जो चाहते हैं कि विश्व के नक्शे में पाकिसतान नाम का देश बना रहे तो उनको पाकिस्तान को समझाना चाहिए कि वह भारत से पंगा न ले। भारत ने देश व विदेश के पाकसमर्थकों को साफ कर दिया है कि कोई भारत व पाक के बीच वार्ता की बात ही न करे क्योंकि भारत ने तय कर लिया है कि ट्रेड व टेरर एक साथ नहीं चलेगा, टेरर व टाक एक साथ नहीं चलेगा, पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता। पीएम ने यह भी बता दिया है कि बात होगी तो आतंकवाद पर होगी, आतंकियों को भारत को सौंपने की बात होगी. पीओके पर बात होगी। कई लोग इस बात से निराश थे कि अभी सेना मजबूत स्थिति में है तो भारत पाकिस्तान से पीओके वापस क्यों नहीं लिया। यह बात समझ लेनी चाहिए कि पीएम मोदी को किसी बात की जल्दी नहीं होती है क्योंक उनको मालूम है कि कौन सा काम कब करना है और कैसे करना है। उन्हे मालूम है कि पीओके कैसे लेना है, वह पाकिस्तान को मौका दे रहे हैं कि आपने पीओके पर कब्जा किया है, उसे ससम्मान भारत को सौंप दो, इससे दोनों देशों के बीच शांति व सद्भाव बना रहेगा। तुम सम्मान से नहीं सौंपेगा तो भी भारत आज इतना ताकतवर तो है कि वह पीओके एक दिन में वापस ले सकता है। भारत ने पाकिस्तान को अपनी ताकत का एहसास इस बार पूरी तरह करा दिया है कि वह कितन कम समय में क्या कर सकता है। जहां तक विपक्ष की बात है तो वह चाहते हैं कि पाकिस्तान पर हमला कर आतंकियों के ठिकानों के नष्ट करने का राजनीतिक लाभ अकेले पीएम मोदी व भाजपा को चुनाव में न उठा ले। इसलिए वह संसद सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं, अब जब सारा मामला ठंडा हो गया है और पीएम मोदी ने देश को सब बता दिया है तो संसद सत्र बुलाने की कोई जरूरत ही नहीं रह गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

**ललित गर्ग**



वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियांः सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मज़बूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फ़र्ज़ है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है।

आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त



परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुढ़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं।

भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है।

परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा। विचारभेद मनभेद तक पहुंचा देगा। विश्वास संदेह में उतर आएगा। ऐसी अनकही तनावों की भीड़ में आदमी सुख के एक पल को पाने के लिए तड़प जाता है। कोई किसी के सहने/समझने की कोशिश नहीं करता। क्योंकि उस घर-परिवार में उसके ही अस्तित्व के दायरे में उद्देश्य, आदर्श, उम्मीदें, आस्था, विश्वास की बदलती परिधियां केंद्र को ओझल कर भटक जाती हैं। विघटन शुरू हो जाता है। भारतीय परिवार में परिवार की मर्यादा और आदर्श परंपरागत है। विश्व के किसी अन्य समाज़ में गृहस्थ जीवन की इतनी पवित्रता, स्थायीपन, और पिता-पुत्र, भाई-भाई और पति-पत्नी के इतने अधिक व स्थायी संबंधों का उदाहरण प्राप्त नहीं होता। विभिन्न क्षेत्रों, धर्मों, जातियों में सम्पत्ति के अधिकार, विवाह और विवाह विच्छेद आदि की प्रथा की दृष्टि से अनेक भेद पाए जाते हैं, किंतु फिर भी 'संयुक्त परिवार' का आदर्श सर्वमान्य है। अधिकतर परिवार में तीन पीढ़ियों और कभी कभी इससे भी अधिक पीढ़ियों के व्यक्ति एक ही घर में, अनुशासन में और एक ही रसोईघर से संबंध रखते हुए सम्मिलित संपत्ति का उपभोग करते हैं और एक साथ ही परिवार के धार्मिक कृत्यों तथा संस्कारों में भाग लेते हैं। मुसलमानों और ईसाइयों में संपत्ति के नियम भिन्न हैं, फिर भी संयुक्त परिवार के आदर्श, परंपराएं और प्रतिष्ठा के कारण इनका सम्पत्ति के अधिकारों का व्यावहारिक पक्ष परिवार के संयुक्त रूप के अनुकूल ही होता है। संयुक्त परिवार का कारण भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त प्राचीन परंपराओं तथा आदर्श में निहित है। रामायण और महाभारत की गाथाओं द्वारा यह आदर्श जन-जन में संप्रेषित है। इंसानी रिश्तों एवं पारिवारिक परम्परा के नाम पर उठा जिन्दगी का यही कदम एवं संकल्प कल की अगवानी में परिवार के नाम एक नायाब तोहफा होगा।

## आज का राशिफल

**मेष**-आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। आप लोगों से अपने काम को आसानी से निकालने में कामयाब रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। कोई काम यदि पूरा होने में समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके लोगों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। डिजाइनिंग का काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी प्लानिंग कर सकते हैं।

**मिथुन**-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। भाई व बहनों की मदद से आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके विरोधी आपको पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है और यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि आपको कोई चोट आदि लगने की संभावना है।

**कर्क**-आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। व्यापार में आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे। धन लाभ होगा। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। आप अपने कामों को पूरा करने के लिए ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर कोई संशय बना हुआ था, तो वह भी दूर होगा। नौकरी में भी आपको मन मुताबिक काम मिलेगा।

**सिंह**-आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है। आप अपने बिजनेस में भी कोई बदलाव कर सकते हैं। आपको कोई काम पूरा करके अपने किसी मित्र से मदद लेनी होगी। शेयर मार्केट में निवेश करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कन्या**-आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आपको दूसरों के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर आपके घर में कोई विवाद खड़ा हो सकता है, जिसमें आप बड़े सदस्यों की राय अवश्य लें। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। आपने घर व बाहर बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध किया, तो इससे आपकी जीवनसाथी से भी कहा सुनी हो सकती है।

**तुला**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बच्चों को अच्छा काम करते देख आपका मन खुश रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आप किसी के बहकावे में आकर किसी नए काम में हाथ ना डालें, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**-आज का दिन आपके लिए उलझनो में भरा रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपके कुछ नए मित्र बनेंगे और सामाजिक क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोग अपने बॉस से अपने रिश्तों को बेहतर रखें, इसलिए आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरे अवश्य करेंगे।

**धनु**-आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनकी कोई बड़ी डील फाइनल होगी। आपको कहीं भी बाहर घूमने फिरने जाने से बचना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। रचनात्मक कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा।

**मकर**-आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको आर्थिक मामला में बहुत ही संभल कर चलने की आवश्यकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचे। संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उनके लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है, लेकिन फिलहाल पुरानी में ही टिके रहे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**कुंभ**-आज का दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कामों में खूब लगेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको शीघ्रगामी में वाहनों के प्रयोग से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने परिवार में सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे और उन्हें आसानी से पूरा भी कर पाएंगे। बिजनेस में आप कोई बदलाव कर सकते हैं।

**मीन**-आज आपको अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपका दिन बेहतर रहेगा, नहीं तो आपके खर्च अधिक रहेंगे। आपका मन कोई काम पूर्ण होने से परेशान रहेगा, लेकिन आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे। रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। लव लाइफ के लिए समय बेहतर रहने वाला है।

## विश्लेषण

# टी आर पी की ख़ातिर 'जमूरा ' कुछ भी करेगा ?

**निर्मल रानी**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टी वी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफ़ी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि - "सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी।" गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया। सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी माँगी ? और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा ? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इज़ाफ़ा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाये विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाये विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों ' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है ? यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिये समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टी वी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने,अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने,हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद,भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ,अफ़वाह,भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किये गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीख़ेज़ सुर्ख़ियाँ बनायीं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलायी गयीं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था "आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! 'आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाये तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे ' के किरदार में ही नज़र आता है। यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह ' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध



और यहाँ तक कि वीडियो गेम फ़ुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिये थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर,अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं ,जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला ? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी,गोदी,दलाल,चरण चुम्बक,भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण ' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था,आख़िर किस आधार पर ? इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया ? बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गयीं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या ? हम तो 'विश्वगुरु भारत ' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखायें गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किये। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया,निर्देश भी दिये परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार,सनसनीख़ेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है और यही पत्रकारिता के मापदंड। अगर यही मीडिया सत्ता की गोदी में बैठने के बजाये निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहा होता तो आज देश की यह हालत न होती। समाज धर्म जाति के आधार पर इतना बंटा न होता। मंहगाई बेरोज़गारी का यह आलम न होता। परन्तु अपने झूठ,बकवास,पक्षपातपूर्ण व ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण से मीडिया ने यह साबित कर दिया है कि टी आर पी की ख़ातिर 'जमूरा ' कुछ भी करेगा ?

# खनिज संपदा को निजी हाथों में देने की तैयारी:बैज

■ पीसीसी अध्यक्ष ने लगाए आरोप

■ कहा- एनएमडीसी के रहते खदानें निजी हाथों में सौंपने आतुर है भाजपा सरकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 14 मई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सांसद दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि राज्य में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जिस तरह से जनता से वादा करके भाजपा में आई और वादे पूरे करने में विफल रही है, इससे जनता को अब अहसास हो गया है कि सरकार चुनने में चूक हो गई। आने वाले समय में इस सरकार को सबक सिखाया जाएगा। मंगलवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष बैज ने पत्रकार वार्ता में उक्त बातें कही। बैज ने कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार बस्तर की खनिज संपदा को निजी उद्योगपतियों को बेचने आतुर है। जबकि एनएमडीसी बेहतर काम कर रही है और यह सार्वजनिक उपक्रम भी है। इसके बावजूद बैलाडीला की खदानों को निजी हाथों में सौंपने और खनिज संपदा बेचने का भाजपा का यह खेल कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। बैज ने कहा कि सरकार ने आर्सेलर और



रूंगटा को यह खदान बेचने की तैयारी कर ली है। इस बात को लेकर हमारी शंका भी थी और यह सही निकली। उन्होंने कहा कि दस हजार से भी अधिक आदिवासियों ने आंदोलन कर नंदराज पहाड़ को बिकने से बचाया था सरकार किसी गलतफहमी में न रहे। बैज ने यह भी कहा कि युद्ध विराम हो चुका है और अमेरिका के दवाब के सामने सरकार झुक गई। देश की जनता हतप्रभ है कि हमारे देश का फैसला अमेरिका कैसे ले सकता है? पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की विफल सरकारों से जनता को सचेत करने हेतु संविधान बचाओ यात्रा भी कांग्रेस पार्टी हर जिले में निकालेगी। बस्तर में वर्तमान जल संकट का जिक्र करते बैज ने कहा कि इंद्रावती नदी सूख चुकी है। चित्रकूट जगदलपुर लगभग 40 किलोमीटर के दायरे के लोगों को यह पानी मिलना चाहिए। कांग्रेस के दवाब के कारण इंद्रावती को बचाया जा सका यह सभी जानते हैं। उन्होंने हाल में बीजापुर के कर्रेगुट्टा में हुए नक्सली मुठभेड़ पर भी संदेह जाहिर करते कहा कि सरकार इस मामले में कुछ छिपा रही है। जीरम घटना को लेकर उन्होंने कहा कि इस घटना की सच्चाई सामने आना चाहिए। केंद्र सरकार ने इस मामले को प्राथमिकता नहीं दी और एनआईए ने भी पारदर्शिता से काम नहीं किया। इस घटना को दबाने की कोशिश हुई। बैज ने कहा कि वर्तमान में नकली शराब पूरे राज्य में बेची जा रही है। माफिया राज चल रहा है। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का मामला न्यायालय में चल रहा है और हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। हमें न्याय जरूर मिलेगा। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक दंतेवाड़ा देवती कर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम, छविंद्र कर्मा, मलकीत सिंह गैदू, विमल सुराना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, वीरेंद्र गुप्ता समेत कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं, जिला पंचायत अध्यक्ष ने लिया संज्ञान



**दंतेवाड़ा, 14 मई।** जिला पंचायत कार्यालय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणजन ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, राशन वितरण, बिजली, स्वास्थ्य जैसी जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## रणवीर सिंह राष्ट्रवादी संगठन हिंद सेना बस्तर संभाग के मीडिया सेल संयोजक बनाये गए

**बचेली, 14 मई।** राष्ट्रवादी संगठन हिंद सेना में बस्तर संभाग का हुआ विस्तार युवा सहित बड़े बुजुर्ग ने भी लिया संकल्प, समाज हित में करेंगे काम समाजसेवी संघठन हिंद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश वैद्य के निर्देशानुसार प्रदेश मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी के नेतृत्व में रणवीर सिंह चौहान को राष्ट्रवादी संघठन हिंद सेना के बस्तर संभाग मीडिया सेल संयोजक घोषित किया गया हैं जिसे लेकर रणवीर सिंह चौहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक सहित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद



प्रेषित करते हुये कहा कि संघठन ने मुझे जो दायित्व सौंपा हैं उसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा और संगठन को आगे बढ़ाने का लगातार कार्य करूंगा। इसके उपरांत संभागीय मीडिया सेल सेवक रणवीर सिंह चौहान ने संभागीय वीडियो से सोशल मीडिया के माध्यम से अपील करते हुए कहा है कि आपके आस पास कोई ऐसी घटना हो रही हो,जो असामाजिक हो अथवा ऐसी समस्या हो जिस पर कोई संज्ञान न लिया जा रहा हो जिसे मीडिया में स्थान नहीं मिल रहा हो तो कृपया सोशलमीडिया, फोन कर, एवं व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित करें हिंद सेना मीडिया सेल बस्तर संभाग को सूचित करें उक्त मामलों को तत्काल संज्ञान में लेकर उचित एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## बिना सूचना के कर्तव्य से अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी

■ सतीश और पुराण सिंह को जवाब प्रस्तुत करने अंतिम अवसर

**सुकमा, 14 मई।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंटा विकासखंड के बालक आश्रम मेहता में कार्यरत भृत्य श्री जी सतीश कुमार और बालक आश्रम जगरगुंडा में कार्यरत श्री पूरन सिंह कोसमा को बिना सूचना लंबे समय तक अनुपस्थित रहने और अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब नहीं देने के कारण पुनः सूचना पत्र जारी किया गया है। सहायक आयुक्त ने कहा कि सूचना प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरुद्ध सेवा से पृथक करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र पोलमपल्ली में लगा समाधान शिविर

■ शिविर में महिला आयोग की सदस्या ने गोद भराई रस्म में लिया भाग

**सुकमा, 14 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र पोलमपल्ली में शुक्रवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोलमपल्ली, कांकेरलंका, कोर्रापाड़, पालामडलू और चिंतागुफा के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अन्न प्रासन्न और गोद भराई की रस्म अदा की गई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आग्रह किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री शबाब ख़ान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मंगम्मा सोयम, जनपद अध्यक्ष कोंटा श्रीमती कुसुमलता कवासी, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जनपद सदस्य पोलमपल्ली श्री भीमा मरकाम, जनपद सीईओ श्री नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकासः महेश कश्यप



**जगदलपुर, 14 मई।** सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। उन्होंने नागरिकों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। सांसद श्री कश्यप मंगलवार को नगर पालिक निगम जगदलपुर के पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के माहेश्वरी भवन में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर श्री किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में कटिबद्धता के साथ सजग होकर काम कर रही है। सरकार गठन होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है। इस सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्या-मांग का निराकरण करना है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है।

## एक नजर

### हिमांशु ने बढ़ाया बस्तर का मान, राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा में जीता रजत पदक



**जगदलपुर, 14 मई।** 9वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में सम्पन्न हुआ, जिसमें जगदलपुर के हिमांशु साहू ने रजत पदक जीत कर बस्तर का मान बढ़ाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 से 11 मई तक राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता भिलाई में आयोजित की गई। प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन (मान्यता कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड कराटे फेडरेशन) एवं जिला कराते संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के सैकड़ों कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। सेंसेई सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में हिमांशु साहू ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लिया। हिमांशु साहू के इस उपलब्धि पर पर उनका पिता परमानन्द साहू माता पिलेश्वरी साहू, सहित क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के अध्यक्ष गणेश राम साहू, लाल बहादुर साहू, मोहन साहू, डी एन साहू, बुधे लाल साहू, नीलमणी साहू, जोहित साहू, गोपी साहू, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, केशर बाई साहू, पालन साहू, रूपेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, मलखन राम, जोहन राम, शंकर साहू, संतोष साहू, उत्तम साहू, शिव साहू आदि ने बधाई प्रेषित की है।

### समाधान शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन में सफलतापूर्वक किया गया

**जगदलपुर, 14 मई।** नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में छह वार्डों – रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, महारानी वार्ड, माता संतोषी वार्ड, गुरु घासी दास वार्ड, महेंद्र कर्मा वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड – को सम्मिलित करते हुए क्लस्टर का गठन किया गया था। समाधान शिविर के प्रथम चरण में कुल 244 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिन्हें नगर निगम के सभी विभागों के समन्वय से तत्परता से पूर्णतः निराकृत कर दिया गया। नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु यह शिविर एक प्रभावशाली पहल सिद्ध हुआ। महापौर श्री संजय पांडे ने कहा कि नागरिकों की सेवा और शिकायतों का त्वरित समाधान ही सुशासन का मूल आधार है। इस समाधान शिविर की सफलता यह दर्शाती है कि यदि इच्छाशक्ति और समर्पण हो, तो प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाई जा सकती है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफल हो सका।

### ग्राम बड़े कनेरा में समाधान शिविर

**कोण्डागांव, 14 मई।** सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के निर्देशानुसार समाधान शिविर किया जा रहा है। समाधान शिविर 30 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें सभी विकासखण्डों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। आगामी शिविर 14 मई को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम बड़ेकनेरा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगदेवा, बड़ेभिरावण्ड, छोटेभिरावण्ड, बोलबोला, छोटेबंजोड़ा, बड़ेबेंदरी, बड़ेकनेरा, कमेला, कुकाड़गारकापाल, करंजी, कोकोड़ी के ग्रामीण शामिल होंगे।

# जंगलों के संरक्षण के लिए लगाए गए तार फेंसिंग की हो रही चोरी





■ वन अमला जंगलों की सुरक्षा पर नहीं दे रहा ध्यान

■ जंगलों की घेराबंदी टूटने से जंगल एवं वन्य जीवों पर मंडरा रहा खतरा

■ लाखों रूपए खर्च कर लगाए गए तार फेंसिंग फिसड्डी साबित हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 14 मई।** दंतेवाड़ा जिले में करीब 18 एकड़ क्षेत्र में बने वन मंदिर पर करोड़ों रूपए खर्च कर वन एवं पर्यावरण मंत्री के हाथों अपनी पीठ थपथपाने वाला वन विभाग जंगलों के संरक्षण एवं वन्य जीवों की सुरक्षा कर पाने में पुरी तरह नाकाम रहा है। आलम यह कि जंगल क्षेत्र को सुरक्षित रखने जहां भी सीमेंट पोल गाड़कर तार फेंसिंग किया गया है अधिकतर आज की तारीख में पोल या तो गिरे पड़े हैं या फिर फेंसिंग किए गए तार चोरी हो चुके हैं। मगर इस बात से वन अधिकारियों को कोई फर्क इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि इसमें लगा रूपया उनकी जेब का नहीं बल्कि आम जनता के टैक्स के रूपयों का है जो विभाग को बजट के रूप में मिलता है। जंगलों का संरक्षण एवं वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए। गौरतलब है कि वन विभाग दंतेवाड़ा इन दिनों बिलकुल सुस्त एवं अकर्मण्य हो चला है। जब से विभाग में ई-कुबेर सिस्टम लागू हुआ है विभागीय अफसर भी मन मसोटकर अजगर की तरह कुर्सी पर जमे पड़े रहते हैं। फील्ड का दौरा निरीक्षण तो गौण हो चुका है। जंगलों की सुरक्षा भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है। बीट गार्ड, फारेस्ट गार्ड, डिप्टी रेंजर, रेंजर आदि विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। इतना बड़ा विभागीय अमला होने के बाद भी जंगलों के संरक्षण के लिए लगे फेंसिंग तार की चोरी हो जाना यह प्रमाणित करता है कि जिम्मेदार वनकर्मी अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहे। दंतेवाड़ा वनक्षेत्र अंतर्गत बालुद के नयापारा क्षेत्र में रिजर्व फारेस्ट एरिया में जंगलों के संरक्षण के लिए लगाए गए पोल से कंटीले तार गायब हैं केवल सीमेंट के पोल ही दिखाई पड़ रहे हैं कई पोल भी उखड़कर गिरे पडे हैं इन्हें देखने की फूरसत विभागीय कर्मियों के पास नहीं है। इसी तरह दंतेवाड़ा शहर में पुराने साप्ताहिक बाजार के पीछे स्थित सागौन के जंगलों को भी सुरक्षित रखने के लिए तार फेंसिंग किया गया था आज की तारीख में यहां न तो पोल दिखाई पड़ते हैं न ही फेंसिंग किया गया तार ही कहीं नजर आता है। यह तो एक दो क्षेत्रों की बानगी मात्र है अमूमन हर वह क्षेत्र जहां घेराबंदी की गई है करीब करीब सभी जगहों की स्थिति एक सी है। तार चोरी हो गई तो हो गई इससे वनकर्मियों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। घेराबंदी टूट जाने से जंगली जानवर कई बार अपनी प्यास बुझाने बसाहट वाले इलाकों में आ पहुंचते हैं और इंसानों के हाथों या तो पकडे जाते हैं या गांव वाले घेरकर उनका शिकार कर लेते हैं। यह बहुत गंभीर समस्या है। भले ही विभाग को यह कोई बड़ी समस्या न लगती हो पर वास्तव में जब तक जंगल इलाकों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी तब तक ना तो हमारे जंगल ही सुरक्षित रहेंगे और ना ही जंगलों में रहने वाले वन्य जीव ही सुरक्षित रह पाएंगे। इस ओर वन विभाग को गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है।

## डीएवी किरंदुल में कक्षा 12वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 14 मई।** डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षाफल 100त्न रहा विद्यालय में कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड में कुल 72 छात्र-छात्राएं शामिल हुए जिसमें 72 छात्र-छात्राएं पास हुए 64 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में एवं 8 छात्र ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । विज्ञान संकाय में छात्र बलराम गौड़ा ने 96.4त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे । श्रुति देवनाथ ने 88.6त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही । एवं रवीना नेताम 87.02त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं । इसी तरह वाणिज्य संकाय में स्नेहा सिंह ने 94.2त्न अंक प्राप्त कर प्रथम , नाज परवीन ने 93.8त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं वीणा लोखंडे 87.8त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही । इसी तरह कला संकाय में ओंकार ठाकुर ने 82.2त्न अंक प्राप्त कर प्रथम , अविशी खापर्डे एवं सेरेना निषाद ने 78.2त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं विजय कुमार कोरी ने 74.4त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे । इसी तरह कक्षा दसवीं में परीक्षा फल उत्तम रहा कुल 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें परीक्षाफल 82.14 त्न रहा कक्षा दसवीं में गौरव देवनाथ ने 93.2त्न अंक प्राप्त कर प्रथम, अदिति सिंह राठौड़ 85.6 . प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं गौरव साहू 85.4 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## कलेक्टर ने विभागवार आवेदनों की समीक्षा कर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 13 मई।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा समय सीमा की बैठक में की। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मैदानी अमलों को सक्रिय रूप से कार्य करते हुए सभी शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सप्ताह के अंत तक सभी विभाग अपने-अपने लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु कार्ययोजना बनाकर पूर्ण करें।

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त स्वच्छता, पेयजल, महतारी वंदन और विद्युत से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल करने को कहा गया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों में सभी विभागीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिले में रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने, पोषण ट्रैकर के उपयोग और आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। नियद नेल्ला नार योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को सुशासन तिहार के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को भी प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

# नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने नर्सिंग स्टाफ के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

■ संवेदना से संबल तक, नर्सिंग पेशे के महत्व को समझने का दिन,नर्स स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं: डीएम सोनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली, 14 मई।** जब विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जा रहा था सोमवार दिनांक 12 मई को ये दिन दुनियाभर में नर्सों के योगदान को मान्यता देने और उनके कार्यों की सराहना करने के उद्देश्य के साथ मनाया जाता है नर्सों की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य प्रणाली में उनके महत्व को रेखांकित करना बहुत आवश्यक है और यही इस दिन का उद्देश्य है। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन दंतेवाड़ा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर अपोलो अस्पताल बचेली में सभी नर्सिंग स्टाफ के साथ केक काटकर विश्व नर्स दिवस मनाया गया। साथ ही उन्हें लीची जूस पिलाकर उनका हौसला बढ़ाने एक मोमेंटो भी प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी ने बताया कि नर्सें सिर्फ रोगियों की देखभाल करने वाली नहीं बल्कि पूरी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आधारशिला भी होती हैं। उनका कार्य सिर्फ दवाइयां देना नहीं, बल्कि उपचार प्रक्रिया को सहज बनाना, भावनात्मक संबल देना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस उनके इसी बहुआयामी योगदान की सराहना का दिन है। नर्स स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। वे रोगियों की देखभाल, उपचार प्रक्रिया में सहायता और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस न सिर्फ नर्सों के योगदान को मान्यता देता है, बल्कि यह समाज को उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूक भी करता है। यह दिन नर्सिंग पेशे को प्रोत्साहित करने और युवाओं को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करने का भी अवसर है। आयोजन में छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी,प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस कुरैशी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला अनुसुइया भोपले, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पुष्पा वर्मा,जिला उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह,जिला सहसचिव आफताब आलम। सहित अपोलो अस्पताल बचेली की समस्त स्टाफ नर्स एवं सीएमए डॉ श्यामली राय उपस्थित रही।

# सुदामा के कृष्ण का द्वार कहां है पूछते पूछते आने के कारण नाम पड़ा द्वारका

**महासमुंद,14 मई।** द्वारका धाम गुजरात के श्री माहेश्वरी सेवाकुंज में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का द्वारका के तीर्थ पुरोहितों, पंडा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने कथा मंच पहुंचकर गमछा और द्वारकाधीश की फोटो भेंट कर अभिनंदन करते हुए कथा श्रवण करने छत्तीसगढ़ महासमुंद क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी उन्होंने द्वारका क्षेत्र की महिमा व तुलादान की महत्ता भी बताई। तीर्थ पुरोहित बाबुल भाई ने बताया कि सुदामा के कृष्ण का द्वारा कहां है कहां है पूछते हुए पहुंचने के कारण इसका नाम द्वारका पड़ा। इसके पूर्व भागवत कथा आयोजन समिति के बाबूलाल साहू, मूलचंद लड्ढा ने पंडा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल का श्रीफल व तिलक लगाकर स्वागत किया।

चार दिशाओं में स्थित पवित्र धाम में नगर, परिवार व जग कल्याण की भावना से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष द्वारका धाम में भागवत कथा प्रवाहित हो रही है। इसके पूर्व रामेश्वर और बद्रीनाथ धाम में भी कथा आयोजन किया जा चुका है। व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए पं. पंकज तिवारी ने सती व ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए बताया कि विद्या, यज्ञ, तप धन, श्रेष्ठ कुल, युवा शरीर से विनम्रता आती है।उन्होंने बताया कि विद्या की सार्थकता तभी है जब उसमें विनम्रता का भाव हो। लेकिन कभी-कभी मनुष्य ज्यादा पढ़ लिख लिया हूं कह कर अहंकार में डूब जाता है। इसी तरह तप, त्याग, धन से भी अभिमान आ जाता है। दक्ष को भी अभियान हुआ और उन्होंने शिव को अपमानित करने के लिए यज्ञ का आयोजन किया और इसमें अपने जमाता शिव को आमंत्रित नहीं किया। देवताओं द्वारा जब सती को अपने पिता के यहां यज्ञ आयोजित होने की जानकारी हुई तो वह भगवान शिव से जाने की जिद करने लगी। इस पर भगवान ने उन्हें समझाया कि बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। स्वाभिमान की रक्षा करना चाहते हैं तो अभिमानी से दूर रहना चाहिए। प्रजापति दक्ष का यज्ञ भी अपमान भाव से हो रहा था इसलिए वहां विपत्ति आई और यज्ञ विध्वंस हुआ। पं तिवारी ने सती के देह त्याग और यज्ञ विध्वंस कथा का विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि जहां अधर्म भाव से पूजा हो तो वहां विपत्ति आती है। दक्ष के यज्ञ में अपमानभाव था। इसलिए यज्ञ का विध्वंस हुआ। देवताओं के अनुरोध के बाद यज्ञ की पूर्णता के लिए भगवान शिव ने पुनः दक्ष को बकरे का सिर लगाकर जीवित किया। उन्होंने बताया कि बिना शिव की पूजा के यज्ञ, तप की सार्थकता प्राप्त नहीं होती। इसलिए सभी देवताओं ने अपने जीवन काल में एक-एक शिवलिंग की स्थापना अवश्यकी है। उन्होंने बताया कि द्वारका धाम में भी ब्रह्मा, इंद्र, स्वयं द्वारकाधीश और अन्य देवताओं ने भी शिवलिंग स्थापित किया है। इसी तरह व्यास पीठ से ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए बताया कि द्वादश मंत्र जाप से ध्रुव ने साक्षात् नारायण को 5 वर्ष की अवस्था में ही प्राप्त कर लिया था। लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रत्येक मनुष्य को ध्रुव की तरह ही कठिन से कठिन परिश्रम करना चाहिए। ध्रुव ने 6 माह तक कठोर तप किया। जब कोई व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति में कठोर प्रयास करता है तो देवता भी सहायक होते हैं। ध्रुव की साधना, तपस्या से सभी देवताओं ने भगवान नारायण से प्रार्थना की कि वह ध्रुव को दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूर्ण करें।

## लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

**रायगढ़, 14 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने ग्रीष्म ॠतु को दृष्टिगत रखते हुए आम जनता से अपील किया है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लें, इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने एवं और सुरक्षित रहने के उपाए बताए।

**क्या करें**-घर से बाहर निकलने के पहले पर्याप्त पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे-लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक निकलने से बचें।

**क्या न करें**-धूप में खाली पेट न निकलें। पानी हमेशा साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें। बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें। कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकलें। साथ ही अनावश्यक धूप में न निकलें।

**लू के लक्षण**-सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐठन, नब्ज असामान्य होना।

## एक नजर

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के छात्र-छात्राओं ने पूरी की हेल्थ केयर इंटर्नशिप



**रायगढ़, 14 मई।** हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ के व्ही राव एवं एडीपीओ भुवनेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुसौर में अध्ययनरत कक्षा 11वीं के हेल्थ केयर संकाय के छात्र-छात्राओं ने हाल ही में 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अमरबेली केरकेट्टा द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 से इस विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों को छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ ग्रहण कर रहे हैं। वर्ष में दो बार औद्योगिक भ्रमण की भी व्यवस्था की जाती है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने रक्तचाप, नाड़ी तथा श्वसन दर की जांच की विधियों, प्राथमिक उपचार के सिद्धांतों, सीपीआर देने की प्रक्रिया, पर्यावरणीय स्वच्छता बनाए रखने के उपायों तथा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत अपशिष्ट निपटान की विधियों के बारे में व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। व्यावसायिक प्रशिक्षक धारिणी यदुराज ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद विद्यार्थियों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिले हैं जैसे-स्वच्छ एवं व्यवस्थित पहनावा, व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति सजगता, कचरे का उचित निपटान तथा विद्यालय एवं घर के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की आदत। विद्यालय की प्राचार्या अमरबेली केरकेट्टा ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के ऐसे उपयोगी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से हमारे विद्यार्थी व्यावहारिक ज्ञान अर्जित कर भविष्य में स्वरोजगार एवं रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय की व्यवसायिक प्रशिक्षक श्रीमती धारिणी यदुराज का विशेष मार्गदर्शन रहा। समापन कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे ।

# युक्तियुक्तकरण व पटवारी के साथ मारपीट को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,14 मई।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा पिथौरा विकासखंड के ग्राम पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी विनय पटेल के साथ विगत 28 अप्रैल 2025 को कुछ लोगों के द्वारा की गई मारपीट की घटना व आरोपियों की गिरफ्तारी सहित शिक्षा विभाग के युक्तियुक्त करण नीति के विरोध में जिला संयोजक टेकराम सेन, उमेश भारती गोस्वामी, प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर कलेक्टर महासमुंद का प्रतिनिधित्व करते हुए डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर ने ज्ञापन प्राप्त किया। पश्चात एसपी ऑफिस में भी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा मुलाकात करते हुए घटनाक्रम की जानकारी दी गई। इस दौरान कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कर्मचारी जगत आज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहें हैं। खुलेआम नागरिकों द्वारा एक पटवारी के साथ मारपीट किया जाना घोर निंदनीय एवं आपत्तिजनक है। यदि पटवारी गलत है, या समय पर कार्य नहीं कर पा रहा है, तो इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाना चाहिए। मारपीट की घटना से कर्मचारी जगत आक्रोशित है। सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिला संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि शिक्षा विभाग में युक्ति करण के पहले पदोन्नति दी जाए एवं 2008 के सेटअप व 2010 के सेटअप व शर्तों के आधार पर युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया की जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष संगठनों के दबाव के चलते एवं चुनावी वर्ष होने के कारण युक्त करण रद्द कर दिया गया था। सरकार से विशेष आग्रह है कि पहले सभी सभी शिक्षक संवर्ग को में पदोन्नति दी जाए पश्चात इसे लागू करें। ज्ञापन के दौरान बागबाहरा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शिवकुमार चंद्राकर के निलंबन को रद्द करने गढ़ सिवनी में पदस्थ शिक्षिका रीना कोठारी के वेतन रोकने संबंधी चर्चा की गई द्य ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से जिला संयोजक टेकराम सेन, मार्गदर्शक मंडल से प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, अशोक गिरी गोस्वामी, डॉक्टर रामकुमार चंद्राकर, राजस्व पटवारी संघ से राकेश थवाईत, कमलेश डहरे, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से दिलीप तिवारी, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से ओम नारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ से राजेश शर्मा, कुबेर साहू, अविनाश लाल, मानिक साहू, नेमीचंद अग्रवाल, सहायक शिक्षक फेडरेशन की ओर से कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष सिराज बक्श, ईश्वर चंद्राकर, अजय बंजारे, अजाक से एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव, राजस्व पटवारी संघ से रामकुमार साहू, संतोष चंद्राकर, देवेंद्र इंगोले, विनय पटेल, घनश्याम ध्रुव, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ से उमेश साहू सहित अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ हुई मारपीट का घोर निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन के पूर्व सभा का संचालन सिराज बक्श एवं ईश्वर चंद्राकर ने किया। उक्त जानकारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के मीडिया संयोजक एवं प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने दी है।

## टॉप-10 में आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रोत्साहन सहायता योजना संचालित

**रायगढ़, 14 मई।** श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों हेतु मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना संचालित है। उक्त योजनांतर्गत कक्षा 10वीं से स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत या 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर राशि 5000 से 12,500 रुपये तक वार्षिक प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जाता है एवं छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल के बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची के प्रथम 10 में आने पर 01 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि तथा दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु अनुदान राशि 01 लाख रुपए प्रदाय किया जाता है। व्यवसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हेतु समस्त शैक्षणिक शुल्क(शासकीय दर पर) छात्रावास में रहने व भोजन शुल्क 2 हजार प्रतिवर्ष स्टेशनरी हेतु प्रदाय किया जाता है। विदेश में अध्ययन हेतु वास्तविक व्यय अथवा अधिकतम राशि 50 लाख रुपए सहायता राशि प्रदाय की जाती है।

# जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ




**रायगढ़, 14 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर रायगढ़ में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज किया गया। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 11 जून 2025 तक किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा ने बच्चों/खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक, बौद्धिक विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल से जुडऩे हेतु प्रेरित किया एवं अधिक से अधिक संख्या में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर खेल की बारीकियों को सीखने एवं उक्त प्रशिक्षण शिविर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर अंतर्गत कुल 12 खेलों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैण्डबॉल, ताइक्वांडो, तीरंदाजी, योगासन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, किकबॉक्सिंग एवं क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण, जूनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाडिय़ों को दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर दो पालियों में सुबह 6 बजे से 8 बजे एवं सायं 4-30 से 6-30 बजे तक व्यायाम शिक्षकों/जिला स्तरीय संघ एवं संस्थाओं के प्रशिक्षकों/वरिष्ठ खिलाडिय़ों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर श्री जीवन लाल नायक सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, श्री प्रेम7 किशोर प्रधान सेवानिवृत्त सहा. संचालक खेल विभाग, श्री जीतेश्वर प्रधान व्यायाम शिक्षक, श्री विकास रंजन सिन्हा शिक्षक, माध्यमिक शाला सराईपाली, श्री जयकुमार यादव ताइक्वांडो प्रशिक्षक, श्री शारदा गहलोत फुटबॉल प्रशिक्षक, श्री अपूर्व जैन लॉन टेनिस कोच, गौरव पाहवा टेबल टेनिस कोच, संतोष गुप्ता बॉक्सिंग कोच, ईशा यादव योगा कोच आदि उपस्थित रहे।

## सांप के काटने पर बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में कराएं इलाज

**रायगढ़, 14 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जनसामान्य को सर्पदंश के मामलों में विशेष सर्तकता बरतने हेतु सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश होता है तो तुरंत ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु पहुचाएं क्योंकि देर होने पर शरीर में जहर फैलने लग जाता है जिससे गंभीर स्थिति निर्मित होती है। साथ ही झाड़-फूंक में समय व्यतीत न करें। और समय रहते अपना इलाज कराकर जीवन बचायें।सीएमएचओ ने बताया कि बदलते मौसम में सर्पदंश के प्रकरण अधिकांश पाये जाते है जिसमें सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़-फूंक में ज्यादा यकीन रखते है और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते है जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित रहने की उम्मीद कम हो जाती है। सर्वाधिक मामले विकासखंड लैलूंगा,धरमजयगढ़, घरघोड़ा और तमनार में आते हैं और यहां के लोग ज्यादातर झाड़-फूंक के चक्कर में समय व्यतीत करते है। इसे ध्यान में रखते हुए समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सको को सर्पदंश के इलाज हेतु एन्टी स्नेक वेनम एवं अन्य जरूरी संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये गये ।

# जनदर्शन में पहुंचे जिले भर के लोग, कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**रायगढ़, 14 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेंबर के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले भर के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने आवेदकों के आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही एवं श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो उपस्थित रहे।

जनदर्शन में आज जूटमिल निवासी वृद्ध उमा सिदार निराश्रित पेंशन की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रही है। उनके पास मजदूरी के अलावा आय का कोई स्रोत नहीं है, उन्होंने बताया कि उन्हें शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने निवेदन किया कि उन्हें निराश्रित पेंशन प्रदान किया जाए। इसी प्रकार जूटमिल निवासी 62 वर्षीय श्री विजय सारथी भी वृद्धा पेंशन की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह अत्यंत वृद्ध है एवं उनके परिवार का कोई सदस्य नहीं है। मजदूरी के अलावा आय का कोई साधन नहीं है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदनों के प्राथमिकता से निराकरण करने हेतु समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया। छोटे अंतरमुडा निवासी श्री दिलीप चक्रवर्ती ने बिजली बिल संबंधी शिकायत लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए मीटर में से उसके वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग आ रहा है। जिससे मेरे उनका बिजली बिल बढ़ते जा रहा है, उन्होंने समस्या का निराकरण का आग्रह किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी सीएसईबी को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। सहदेव पाली निवासी सरला अग्रवाल भूमि स्वामी हक की भूमि पर बिना अनुमति के अवैध रूप से ईट बनाए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनका जोरापाली में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि में अन्य व्यक्ति द्वारा लाल ईट बना रहा है। उन्होंने ईट भट्ठा बंद करवाने का आग्रह किया। आवेदन पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने एसडीएम रायगढ़ को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

बोईरदादर वार्ड क्रमांक 48 के वार्डवासियों ने शराब दुकान हटाए जाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गोवर्धनपुर रोड स्थित सतनामी मोहल्ला में निवास करते है, लेकिन मोहल्ले में शराब दुकान होने के कारण आए दिन शराबियों द्वारा गाली गलौज, मार-पीट, लड़ाई झगड़ा सामान्य बात हो गई है। इससे महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही माहौल खराब होने से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने शराब दुकान हटाए जाने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदन के निराकरण हेतु आबकारी विभाग को निर्देशित किया। कोड़ातराई निवासी ललिता वैष्णव ग्रामीण बैंक द्वारा मृतिका उनकी माता के नाम पर जमा राशि प्रदान नहीं कारण की शिकायत आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी उनकी माता का निधन हो गया है। जिसकी नॉमिनी वह स्वयं है, संपूर्ण दस्तावेज के जमा कारण के पश्चात भी उनको राशि प्रदाय नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अपनी मां के खाते की राशि दिलवाने का निवेदन की। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदन की जांच कर लीड बैंक मैनेजर को निराकरण के निर्देश दिए।रायगढ़ के मिट्ठुमुड़ा निवासी देवमती कंवर स्वयं के नाम से राशन कार्ड जारी कारण के संबंध के आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके सास के नाम से जारी राशन कार्ड में उनका, उनके पति, दो बच्चों का नाम दर्ज है। जिससे राशन लेने में दिक्कत होती है। उन्होंने जारी राशन कार्ड से अपने पति और बच्चों का नाम निरस्त कर उनके नाम से नया राशन जारी करने का आग्रह किया, ताकि राशन लेने में दिक्कत न हो। इसी प्रकार रायगढ़ की मीरा गोहो भी राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी ही चुकी है। उन्होंने अपने राशन कार्ड से उनका नाम कटवाने का आग्रह किया। पतरापाली निवासी श्रीमती संदीना उरांव राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पति करण सिंह उरांव का नाम उनके माता रूपनी उराव के राशन कार्ड में अंकित होने के कारण एवं राशन कार्ड से उनका नाम नहीं कटने के कारण आवेदिका के नाम से राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है, जबकि उनकी सास पिछले 5 वर्षों से अलग रह रही है। उन्होंने राशन कार्ड से अपने पति का नाम करवाने का आग्रह किया ताकि उनका राशन कार्ड बन सके। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश खाद्य विभाग को दिए।

मंगलवार को अब दोपहर 12 बजे से कलेक्टर चेंबर-प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित होता है जनदर्शन

आवेदकों के पंजीयन प्रातः 11 बजे से कर दिया जाता है प्रारंभ

पूर्व में प्रति सप्ताह मंगलवार को दोपहर 1 बजे से सृजन सभाकक्ष में आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन के समय एवं स्थान में बदलाव किया गया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में अब प्रति मंगलवार को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर चेंबर के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन हो रहा है। जिसके लिए आवेदकों के पंजीयन प्रात- 11 बजे से प्रारंभ कर दिया जाता है। अत- आवेदक उक्त निर्धारित समय और स्थान पर पहुंच कर अपनी समस्या रख सकते हैं।

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**बीजापुर 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय सीमा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों और हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। वहीं कलेक्टर ने जिले के कन्या आश्रमों की स्थिति की जानकारी ली और उनकी अवस्थिति में सुधार करने तथा बाउंड्री वॉल निर्माण कराने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। श्री मिश्रा ने आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले सभी स्कूलों, छात्रावासों एवं पोटा केबिनों की जांच कर उनकी आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।समर कैंपं में गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों पर जोर- जारी समर कैंपों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समर कैंप में पर्याप्त संख्या में शिक्षक और कोच की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को समर कैंप के दौरान विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाए। विशेष रूप से डॉक्टर, पुलिस या अन्य पेशों में रुचि रखने वाले बच्चों की संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कराई जाए और उन्हें जिला अस्पताल, एसपी कार्यालय, एजुकेशन सिटी एवं लाइब्रेरी जैसे स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराने निर्देश दिए।मानसून पूर्व निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश- कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने मानसून के पूर्व सभी अपूर्ण पुल-पुलिया एवं सड़कों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान ग्रामीणों को आवाजाही में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पूर्व तैयारी अनिवार्य है।

नियद नेल्ला नार अभियान पर विशेष ध्यान- कलेक्टर ने नियद नेल्लानार अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी ग्रामों के लोगों के दस्तावेजों को शीघ्रता से तैयार कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही नए पीडीएस भवनों में सामग्री वितरण शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। साप्ताहिक बैठक जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासन की सक्रियता का परिचायक रही। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों के लिए दो दिवसीय नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का सफल आयोजन



**बीजापुर 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला चिकित्सालय बीजापुर में 09 एवं 10 मई 2025 को दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।शिविर में कुल 74 दिव्यांग मरीजों की जांच और उपचार किया गया। विशेष रूप से श्रवण संबंधित समस्याओं से ग्रसित 47 बधिर मरीजों को समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। मरीजों की जांच के लिए जिला नारायणपुर से आए डॉ. डीबी नाग (ईएनटी) विशेषज्ञ की सेवाएं ली गई जिन्होंने सफलतापूर्सवक सभी मरीजों की जांच की।शिविर के सफल आयोजन में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन सह जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. रत्ना ठाकुर का सक्रिय सहयोग रहा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्री कमलेश पटेल ऑडियोलॉजिस्ट सुश्री पूनम साहू और स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी विशेष भूमिका निभाई। यह शिविर न केवल दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने में सहायक रहा बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी कदम भी सिद्ध हुआ।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 को बीजापुर प्रवास पर रहेंगे

**बीजापुर 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री एंव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल का एक दिवसीय बीजापुर भ्रमण हो रहा है वे 1130 को.बीजापुर पहुंच कर वहां से भोपाल पटनम के लिए रवाना होंगे जहां वे ग्रामीण जनो से भेंट करेंगे। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वहां से बीजापुर. वापस होंगे जहाँ सक्रिट हाऊस मे स्थानीय पत्रकारों से भेंट कर प्रैस वार्ता करेंगे इस.दौरान पूरे समय बीजापुर विधायविक्रम मंडावी और कांग्रेस के सभी प्रमुख पदाधिकारी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष लालू राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे देर शाम वे बीजापुर से दंतेवाड़ा के लिए रवाना होंगे अपने बीजापुर प्रवास के दौरान भूपेश बघेल खास तौर पर नकसली घटनाओं तथा उनकी गतिविधियों के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा करेंगे।



## राजस्व विभाग लंबित प्रकरणों का 6 माह में निराकरण सुनिश्चित करे : कलेक्टर

**महासमुंद 14 मई ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने शाम 5 बजे समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की गई और विभिन्न योजनाओं पर कार्य की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जिला अधिकारी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि 31 मई 2025 तक आयोजित सभी शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के महासमुंद आगमन पर दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी अधिकारी सक्रियता से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लेन-देन या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर संबंधित को पद से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है।कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण की शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### नाली में मिला 4 माह का भ्रूण

**रायपुर, 14 मई।** राजधानी रायपुर से लगे आरंग में आज सुबह-सुबह एक 4 महीने का भ्रूण नाली में पड़ा मिला. यह पूरा मामला आरंग के वार्ड नंबर 07 स्थित आजाद चौक का है. भ्रूण दिखते ही लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद आरंग पुलिस मौके पर पहुंच कर भ्रूण को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. आजीद चौक पर खेल रहे बच्चों की नजर अचानक नाली में बह रहे एक अजीब चीज पर पड़ी. नजदीक जाकर देखने पर देखा तो वह बच्चे का भ्रूण था. इसके बाद बच्चों ने शोर मचाया और देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार, भ्रूण करीब चार माह का प्रतीत होता है और उसके सभी अंग विकसित अवस्था में हैं. इससे आशंका जताई जा रही है कि यह मामला गर्भपात के बाद भ्रूण को ठिकाने लगाने का हो सकता है. घटना की जानकारी मिलते ही आरंग पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस ने कहा कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी और सीसीटीवी फुटेज तथा आसपास के क्लिनिकों की भी जांच की जाएगी. पुलिस अब भ्रूण का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है. नगर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में से एक आजाद चौक में इस तरह का मामला सामने आना प्रशासन और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है.

### मोर छइयां भुइयां-3 प्रदेश के सिनेमा घरों 16 मई से होगी प्रदर्शित



**रायपुर, 14 मई।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मोर छइयां भुइयां' की तीसरी कड़ी, 'मोर छइयां भुइयां 3', प्रदेश के सिनेमा घरों में 16 मई को दस्तक देने वाली है। इस फिल्म के डायरेक्टर और उनकी टीम प्रमुख प्रमुख शहरों में पहुंचकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। सतीश जैन के निर्देशन में बनी यह फिल्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संदेशों का शानदार मिश्रण है। फिल्म में मुख्य नायकों की भूमिका में मन कुरैशी, दीपक साहू, और लक्षित झांजी नजर आएंगे, जबकि नायिकाओं के रूप में ऐल्सा घोष, ऋचा दीक्षित, दीक्षा जायसवाल और इशिका यादव दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं।

# कांग्रेस ने भ्रम और भय पैदा करने का ले रखा है ठेका: अरुण साव



**रायपुर, 14 मई।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चले बड़े एंटी नक्सली ऑपरेशन को लेकर प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर 8 सवाल दागे. इसके बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व सीएम पर निशाना साधा है, उन्होंने कहा कि ÷कांग्रेस ने भय और भ्रम पैदा करने का ठेका ले रखा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस ने भय और भ्रम पैदा करने का ठेका ले रखा है. यह लगातार यही काम करते हैं. डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रही है. लेकिन ये (कांग्रेसी) भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं. भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देने के लिए निकाली जा रही है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को भारत की ताकत का एहसास कराया है, और इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है.

### अहिल्याबाई की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी भाजपा

**रायपुर, 14 मई।** महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के अवसर पर दिनांक 21 में से 30 में तक भारतीय जनता पार्टी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी।

कार्यक्रम संयोजक नारायण चंदेल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न वक्तागण महारानी अहिल्याबाई के कार्यों को लेकर पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाएंगे और वहां व्याख्यान माला, संगोष्ठी, प्रदर्शनी का आयोजन किए जाएंगे।

स्वास्थ्य परीक्षण...



रायपुर। हज यात्रा पर जाने वाले लोगों का आज स्वास्थ्य परीक्षण कर टीकाकरण किया गया।

### डीएमएफ घोटाले में निलंबित आईएएस रानू साहू समेत पांच की न्यायिक रिमांड बढ़ी

**रायपुर, 14 मई।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) घोटाले की जांच में तेजी आ गई है. कोरबा जिले के चार पूर्व जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) को मंगलवार को विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 19 मई तक रिमांड पर भेजने की अनुमति दे दी. रिमांड पर लिए गए अधिकारियों में तत्कालीन डीएमएफटी नोडल अधिकारी भरोसाराम ठाकुर, सीईओ भूनेश्वर सिंह राज, राधेश्याम मिर्झा और वीरेंद्र कुमार राठौर शामिल हैं. अदालत में पेशी के दौरान अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि पूछताछ के दौरान कई नई जानकारियां सामने आई हैं, जिनके आधार पर दस्तावेज और सबूत जुटाने के लिए और समय की आवश्यकता है. अदालत ने इस पर सहमति जताते हुए रिमांड अवधि 19 मई तक बढ़ा दी है. इस बीच घोटाले में पहले से जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक हिरासत भी 27 मई तक बढ़ा दी गई है. अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि रिमांड पर लिए गए अधिकारियों से चल रही पूछताछ को ध्यान में रखते हुए अन्य आरोपियों की हिरासत बढ़ाना जरूरी है।

## बंगोली सड़क हादसा के लिए परिवहन विभाग जिम्मेदार: कांग्रेस

**रायपुर, 14 मई।** बंगोली में हुई सड़क हादसा के लिए परिवहन विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बंगोली में जो सड़क हादसा हुआ है उसके लिए परिवहन विभाग जिम्मेदार है।

पाटे कोहरा परिवहन चेक पोस्ट अधिकारी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि पुणे से भारी सामान लेकर निकली टेलर को आखिर पाटे कोहरा परिवहन नाका ने छत्तीसगढ़ के सीमा में प्रवेश करने की इजाजत कैसे दे दी? जबकि ट्रेलर में वाहन की चौड़ाई से अधिक दोनों तरफ चार-चार फीट लोहा निकला हुआ था। जिसमें ना तो कोई संकेतक लगा था न रेडियम था। न ही किसी प्रकार से खतरे से सावधान करने वाली सूचना थी। जिसे रोकने की जिम्मेदारी परिवहन चेक पोस्ट प्रभारी का था। जिसमें घोर लापरवाही बरती गई है। जिसके चलते बंगोली में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ जिसमें दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई लोगों को गंभीर चोट लगा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि परिवहन विभाग के अवैध वसूली और लापरवाही के चलते बेरोकटोक ओवरलोड, नियम विरुद्ध माल भरे वाहनों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। परिवहन विभाग फिटनेस के दौरान लेनदेन करके अनफिट गाड़ियों को भी फिटनेस पास का प्रमाण पत्र दे रहा है फिटनेस में आयी गाड़ियों का बैक लाइट, पार्किंग लाइट, इंडिकेटर, रेडियम प्लेट की सही ढंग से जांच नहीं की जाती है जिसके चलते सड़कों पर हादसा होता है। उन्होंने कहा कि बीते 2 दिन में सड़क हादसों में 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। रात में सड़कों पर चलने वाले माल वाहक गाड़ी की लंबाई से अधिक स्टील छड और अन्य सामान को लेकर स्पीड से चलते हैं और पीछे से आने वालों को अंदेशा नहीं लगने के चलते आए दिन यह दुर्घटना हो रही है इसकी रोकने की जिम्मेदारी जिन परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के पास है वह चौक चौक पर वसूली करने में मस्त है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक पब्लिक वाहनों की कमी के चलते ग्रामीण अंचलों में माल वाहक वाहनों पर यात्रा करने लोग मजबूर हैं। राज्य सरकार सार्वजनिक पब्लिक वाहनों की संख्या में वृद्धि करें राज्य स्तरीय टूरिस्ट परमिट देने की प्रक्रिया को सरल और सस्ता करें ताकि हर जिला में टूरिस्ट परमिट वाहन मौजूद रहे जिससे माल वाहक वाहनों में यात्रा करने लोग मजबूर ना हो।

## समाचार संक्षेप

### रेल मंडल में चल रहे कार्यों की समीक्षा



**रायपुर, 14 मई।** आज दिनांक 13 मई, 2025 को श्री तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर श्री दयानंद सहित प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं रायपुर रेल मंडल में चल रही परियोजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रेलवे की वर्तमान प्रगति, यात्री सुविधाओं, मालभाड़ा परिवहन, सुरक्षा उपायों, बुनियादी ढांचे के विकास एवं आगामी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई । महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और यात्री सुविधाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित किया जाए। स्टेशनों पर स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल टिकटिंग, प्लेटफॉर्म सुधार, एवं विद्युतीकरण कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा । उन्होंने कहा कि रेलवे केवल एक परिवहन माध्यम नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके हर पहलू में गुणवत्ता व पारदर्शिता होनी चाहिए। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने हाल ही में शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं, विद्युतीकरण, स्टेशन पुनर्विकास की स्थिति की विवेचना कर कार्य की गति को बढ़ाने की हिदायत दी, साथ ही जिन परियोजनाओं में विलंब हो रहा है, उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश भी दिए । समीक्षा बैठक में सुरक्षित रेल परिचालन, गाड़ियों की समयबद्धता, रायपुर रेल मंडल में चल रहे विकासात्मक कार्यों, यात्री सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों पर अधिकारियों से चर्चा की। अंत में उन्होंने अधिकारियों से जनभागीदारी, कर्मचारियों के कल्याण और यात्री संतुष्टि के साथ रेलवे कार्यों को अमल में लाने के कड़े निर्देश दिये ।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, हायर लेवल बिजनेस: कन्हैया

**रायपुर, 14 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर की जा रही लूट, बदइंतजामी, हजारों वाहन चालकों को होने वाली परेशानी के लिए परिवहन विभाग और कंपनी को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि सुशासन का दावा करने वाले प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय जी इस मामले में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें । कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार हर वार्ड और ग्राम पंचायत में लगने वाले शिविर का कहीं आता-पता नहीं है । अग्रवाल ने कहा कि नंबर प्लेट लगाने के शुल्क के मामले को लेकर पहले ही छत्तीसगढ़ महंगा प्रदेश होने के लिए आलोचना का शिकार है । करेले पर नीम चढ़ा ये है कि महंगी नंबर प्लेट लगाने के लिए अनेक चक्कर काटने के बाद जब आपका नंबर आता है जहां नंबर प्लेट लगाई जा रही है मौके पर ही नंबर प्लेट के साथ कवर लगाने के लिए कर्मचारी अपना दबाव बना रहे हैं । पचास रुपए में बाजार में मिलने वाला कवर डेढ़ सौ रुपए में बेचा जा रहा है , सौ रुपए में मिलने वाला कार का कवर तीन सौ रुपए में बेचा जा रहा है । वहां कवर बेचने की मनाही के बावजूद यह काम खुले आम हो रहा है और आरटीओ के अफसर के मना करने के बावजूद यह काम हो रहा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26